NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष : 05, अंक :-90, पृष्ठ : 12 | रविवार, 05 अक्टूबर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

दार्जिलिंग में भारी बारिश से तबाही

## भूस्खलन में सात की मौत



**दार्जिलिंग।** उत्तर बंगाल में लगातार भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। दार्जिलिंग जिले में हुए भूस्खलन और पुल टूटने की घटनाओं में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक, मिरिक और सुखिया क्षेत्रों में भूस्खलन के कारण कई लोग हताहत हुए हैं। इस हादसे के बाद दार्जिलिंग जिला पुलिस राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है। वहीं कालिम्पोंग में स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है।

लगातार बारिश से कई इलाकों का संपर्क टूट गया है और सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। पश्चिम बंगाल में भारी बारिश के कारण दुधिया में लोहे के पुल का एक हिस्सा ढह जाने के बाद सिलीगुड़ी-दार्जिलिंग एसएच-12 सड़क पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है।

वहीं इस घटना पर भाजपा सांसद राजू बिस्ता ने दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिलों के कई हिस्सों में अत्यधिक भारी बारिश के कारण हुए भारी नुकसान के बारे में जानकर मुझे बेहद दुख हुआ है। मौतें हुई हैं, संपत्ति का नुकसान हुआ है और बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचा है। मैं स्थिति का जायजा ले रहा हूं और संबंधित अधिकारियों के संपर्क में हूं।

### एअर इंडिया की उड़ान की बर्मिंघम में इमरजेंसी लैंडिंग

**बर्मिंघम।** एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 117, जो 4 अक्तूबर को अमृतसर से बर्मिंघम जा रही थी, में लैंडिंग के समय तकनीकी गड़बड़ी सामने आई। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि उड़ान के दौरान रैम एअर टरबाइन (आरएटी) का खुलना देखा गया। जिसके बाद एहतियातन विमान की लैंडिंग कराई गई और सभी यात्रियों को सुरक्षित उतारने के बाद विमान को जांच के लिए भेज दिया गया है। आरएटी एक सुरक्षा उपकरण है, जो तब सक्रिय होता है जब विमान की मुख्य बिजली और हाइड्रोलिक सिस्टम में किसी तरह की समस्या आ सकती है। इलेक्ट्रिकल फेलियर, हाइड्रोलिक सिस्टम फेलियर और दोनों इंजन फेल होने पर ये प्लेन के निचले हिस्से से बाहर निकल आता है।

### आप ने उपचुनाव के लिए राजिंदर को बनाया उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए उद्योगपति राजिंदर गुप्ता को पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर दिया है। आधिकारिक रूप से पार्टी ने उनके नाम की घोषणा कर दी है। पंजाब से राज्यसभा की एक सीट के लिए 24 अक्तूबर को उपचुनाव होना है। आप के संजीव अरोड़ा के इस्तीफे से यह सीट रिक्त हुई थी।

आप की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक में सर्वसम्मति से राजिंदर गुप्ता के नाम पर मुहर लगी है। राजेंद्र गुप्ता प्रसिद्ध उद्योगपति और ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन रह चुके हैं। राजेंद्र गुप्ता ने एक दिन पहले ही पंजाब योजना बोर्ड के वाइस चेयरमैन और श्री काली माता मंदिर प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन के ओहदों से इस्तीफा दिया था, जिसे सरकार ने स्वीकार कर लिया है।



# 'कफ सिरप कोल्ड्रिफ बना काल'

## ज्यादातर बच्चों को दवा लिखने वाला डॉक्टर प्रवीण सोनी गिरफ्तार, कंपनी पर भी केस

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में कफ सिरप से अब तक 14 बच्चों की मौत के बाद हड़कंप मचा हुआ है। बच्चों की मौत का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। छिंदवाड़ा के परासिया उपखंड में 7 सितंबर से अब तक दस बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि जिले भर में मृतक बच्चों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। जांच में कोल्ड्रिफ कफ सिरप में डायएथिलीन ग्लाइकोल की मात्रा अधिक होने की पुष्टि के बाद सरकार और प्रशासन अलर्ट मोड में हैं। शनिवार देर रात पुलिस ने कफ सिरप लिखने वाले डॉक्टर प्रवीण सोनी को गिरफ्तार कर लिया है। सरकार ने कोल्ड्रिफ कफ सिरप की बिक्री पर रोक लगा दी है। तमिलनाडु सरकार ने भी शुक्रवार को कोल्ड्रिफ की बिक्री पर बैन लगाया है।



बता दें कि शनिवार को ही परासिया थाने में डॉक्टर प्रवीण सोनी और कोल्ड्रिफ सिरप बनाने वाली कंपनी कोल्ड्रिफ फामार्सूटिकल के संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई को अंजाम देते हुए डॉक्टर प्रवीण सोनी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में ड्रग्स एवं कॉस्मेटिक एक्ट की धारा 27(ए), बीएनएस की धारा 105 और 276 के तहत केस दर्ज किया गया है। जानकारी में सामने आया है कि छिंदवाड़ा में हुई बच्चों की मौत मामले में ज्यादातर बच्चों को डॉक्टर प्रवीण सोनी ने ही ये कफ सिरप लिखी थी। परासिया सीएचसी के बीएमओ अंकित सहलाम ने डॉक्टर प्रवीण सोनी के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया था।

कफ सिरप की जांच रिपोर्ट शनिवार रात को सामने आई। रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। जांच में सामने आया है कि इस सिरप में खतरनाक जहरीला रसायन मौजूद था।कोल्ड्रिफ सिरप में 46.2% डायएथिलीन ग्लाइकॉल पाया गया। तमिलनाडु ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट की लैब सिरप की जांच के बाद ये रिपोर्ट जारी की गई। डायएथिलीन ग्लाइकॉल ऐसा जहरीला रसायन, जो आमतौर पर एंटी-फ्रीज और ब्रेक फ्लूइड में इस्तेमाल होता है, किडनी को पूरी तरह तबाह कर देता है। मध्यप्रदेश सरकार ने तत्काल प्रभाव से कोल्ड्रिफ सिरप और कंपनी की सभी दवाओं की बिक्री पर रोक लगा दी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 6 राज्यों में दवा फैक्ट्रियों की गहन छानबीन शुरू कर दी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने छह राज्यों में 19 दवाओं जिनमें कफ सिरप और एंटीबायोटिक शामिल हैं, उनके उत्पादन इकाइयों पर जोखिम आधारित निरीक्षण शुरू कर दिया है।

एसडीएम सौरभ कुमार यादव ने बताया कि स्थानीय प्रशासन ने एहतियातन सोमवार को ही कोल्ड्रिफ और एक अन्य कफ सिरप Nextro-DS की बिक्री पर रोक लगा दी थी।

**कैसे बनी मौत की वजह?**

सितंबर में छिंदवाड़ा के परासिया और आसपास के इलाकों में बच्चे सर्दी-खांसी के इलाज के बाद गंभीर हालत में पहुंचने लगे। बुखार, उल्टी और पेशाब रुकने जैसे लक्षण दिखे। शुरूआत में 6 बच्चों की मौत हुई, जो बढ़कर 11 तक पहुंच गई। जांच में खुलासा हुआ कि डॉ. प्रवीण सोनी ने इन बच्चों को कोल्ड्रिफ सिरप प्रिस्क्राइब किया था। बायोप्सी और लैब टेस्ट में डीईजी की मौजूदगी ने सनसनी फैला दी। राजस्थान में भी इस सिरप से 1-2 बच्चों की मौत की खबरें सामने आई हैं।

**डॉ. प्रवीण सोनी को किया निलंबित**

मध्य प्रदेश सीएमओ ने बताया, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर छिंदवाड़ा जिले के परासिया में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। शिशुओं के उपचार में लापरवाही बरतने के आरोप में उन्हें निलंबित किया गया है। निलंबन के बाद उन्हें क्षेत्रीय कार्यालय स्वास्थ्य सेवाएं, जबलपुर में अटैच कर दिया गया है।

### वीडियो में दर्द-पत्नी की बेवफाई से तंग था

# चार छोटे-छोटे बच्चों के साथ नदी में कूद गया सलमान

कैराना। यूपी के कैराना से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। मोहल्ला खेलकला में पत्नी झगड़ा करके प्रेमी संग चली गई। उसका पति सलमान (38) अपनी बेटी महक (12), शिफा (पांच साल), नायशा (आठ माह) और बेटे आयान (तीन साल) के साथ शुक्रवार दोपहर एक बजे यमुना में कूद गया। यमुना में कूदने से पहले सलमान ने अपने बच्चों के साथ रोते हुए वीडियो बनाकर अपनी बहन को भेजा। वीडियो में उसने अपनी तथा बच्चों की मौत के लिए पत्नी और उसके प्रेमी को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि दोनों ने उनकी जिंदगी नर्क बना दी। यमुना में गोताखोर पांचों को तलाश कर रहे हैं। सलमान पंजाब के लुधियाना में रेहड़ी पर केले बेचता है। वह एक सप्ताह पहले घर आया था। शुक्रवार को सुबह अपनी बहन गुलिस्ता को काम पर जाने के लिए कहकर अपने चारों बच्चों को साथ लेकर घर से निकला। घर नहीं लौटने पर परिजनों ने सलमान व बच्चों की



तलाश की लेकिन उनका कोई पता नहीं चला।

दोपहर करीब एक बजे सलमान अपने चारों बच्चों के साथ पुराने पुल से यमुना में कूद गया। यमुना में कूदने से पहले उसने अपने बच्चों के साथ आत्महत्या करने की वीडियो बनाकर बहन गुलिस्ता को भेजी लेकिन उसने वीडियो शनिवार की सुबह देखी। गुलिस्ता ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया। वीडियो वायरल होने के बाद पता चला कि वह बच्चों के साथ यमुना में कूद गया है। यमुना पर प्रत्यक्षदर्शी साधु शिवगिरी और मासूम समद ने सलमान के बच्चों संग यमुना में कूदने की जानकारी दी।

कैराना के मोहल्ला खेलकला के एक युवक सलमान ने चार बच्चों समेत आत्मघाती कदम ऐसे ही नहीं उठाया। पिछले सात माह से वह पत्नी और उसके प्रेमी के कारण पूरी तरह से टूट चुका था।

परिजनों का दावा है कि सात माह में पांच बार उसकी पत्नी झगड़ा कर प्रेमी के साथ जा चुकी थी, मगर वह हर बार उसे समझाकर मना लेता था। 4.10 मिनट के तीन वीडियो में सलमान ने अपने सात माह के दर्द को बयां किया है। तीनों वीडियो को देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। वीडियो में दो मासूम भी रोते नजर आ रहे हैं।

जम्मू कश्मीर के उधमपुर में तवी नदी पर पुल नहीं होने से लोगों परेशानी हो रही है। यहां के लोग कंधे पर ऑटो-रिक्शा लादकर नदी पार करने पर मजबूर हैं। ऐसा ही एक वीडियो उधमपुर के बांट गांव से सामने आया है। यहां के लोग कंधे पर ऑटो को लादकर नदी पार करते देखे जा सकते हैं। इन लोगों ने बताया कि मानसून के दौरान यहां जमकर बारिश हुई थी। इस दौरान एक अहम पुल बह गया।



### ट्रंप ने हमास को एक बार फिर से दी चेतावनी

# जल्दी कदम उठाए हमास, देरी बर्दाश्त नहीं करूंगा

**वाशिंगटन डीसी।** हमास और इजरायल के बीच अमेरिका की मध्यस्थता वाली शांति योजना के प्रभावी होने के बाद इजरायल ने गाजा पर अपनी लगातार बमबारी रोक दी। इसके बाद अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को एक बार फिर फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास को चेतावनी जारी की है। ट्रंप ने हमास को साफ तौर पर चेतावनी जारी की है कि वह किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं करेंगे। बता दें कि शांति समझौते के तहत हमास को इजरायली बंधकों को वापस लौटाना होगा, इसके लिए डेडलाइन भी जारी कर दी गई है।



इजरायल ने गाजा पट्टी में हमला बंद कर दिया है। इसके बाद अभी तक हमास ने इजरायली बंधकों को वापस नहीं किया है। इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को एक बार फिर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि हमास को जल्दी कदम उठाना होगा, वर्ना सारी शर्तें धरी की धरी रह जाएंगी। मैं देरी बर्दाश्त नहीं करूंगा।

हमास और इजरायल के बीच अमेरिका की मध्यस्थता वाली शांति योजना के प्रभावी होने के बाद इजरायल ने गाजा पर अपनी लगातार बमबारी रोक दी। इसके बाद अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को एक बार फिर फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास को चेतावनी जारी की है। ट्रंप ने हमास को साफ तौर पर चेतावनी जारी की है कि वह किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं करेंगे। बता दें कि शांति समझौते के तहत हमास को इजरायली बंधकों को वापस लौटाना होगा, इसके लिए डेडलाइन भी जारी कर दी गई है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

# शरद पूर्णिमा पर श्वेत वस्त्र व सोने-चांदी के आभूषणों में दर्शन देंगे ठाकुर जी

एनएनआई

**मथुरा।** शरद पूर्णिमा पर भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजगोपियों संग महारास किया था। तब भगवान की मुरली की धुन से न केवल भूलोक, बल्कि देवलोक में बैठे देवता भी महारास दर्शन करने को उतावले हो गए थे।

महारास में जिस तरह भगवान श्रीकृष्ण ने पोशाक धारण कर मुरली बजाई, ठीक ऐसा ही भेष रखकर आज भी ठाकुर बांकेबिहारी शरद पूर्णिमा पर भक्तों को दर्शन देते हैं। शरद पूर्णिमा पर ठाकुरजी श्वेत धवल पोशाक, स्वर्ण-रजत श्रृंगार कर मुरली बजाते हुए भक्तों को दर्शन देंगे। वर्ष में एक ही दिन मुरली बजाते ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन को भक्तों की भीड़ उमड़ेगी।

**राधावल्लभ व अन्य मंदिरों में भी चंद्रमा की चांदनी में होंगे आराध्य के दर्शन**

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में छह अक्टूबर को शरदोत्सव पर ठाकुर बांकेबिहारी महारास की मुद्रा में भक्तों को मुरली बजाते हुए दर्शन देंगें। श्वेत धवल पोशाक धारण कर



मोर-मुकुट, कटि-काछनी में मुरली बजाते आराध्य की एक झलक पाने को देश-दुनिया के भक्त आल्हादित होंगे।

मंदिर सेवायत आचार्य गोपी गोस्वामी ने बताया ठाकुरजी श्वेतांबर में चंद्रमा की धवल चांदनी में भक्तों को दर्शन देंगे। इसके अलावा शरद पूर्णिमा पर सोमवार को ठाकुर राधावल्लभ, ठाकुर राधादामोदर, राधाश्यामसुंदर, गोविंददेव, गोपीनाथ, मदनमोहन, गोकुलानंद समेत सभी मंदिरों में ठाकुरजी शाम को चंद्रमा की धवल चांदनी में श्वेत धवल वस्त्र धारण कर मुरली बजाते हुए भक्तों को दर्शन देंगे।

**चांदनी रोशनी में होंगे ठाकुरजी के दर्शन**

द्वारकाधीश मंदिर में छह अक्टूबर को शरद पूर्णिमा पर ठाकुरजी के विशेष दर्शन होंगे। मीडिया प्रभारी एड. राकेश तिवारी ने बताया कि शाम 6.30 बजे से शाम 7.30 बजे तक दर्शन होंगे। ठाकुरजी चांदनी रोशनी में में विराजमान होंगे। ठाकुरजी बाहर आकर दर्शन देंगे।

# भीषण सड़क हादसे में चार मरे

## हाईवे स्थित रुनकता पर सामने चल रहे ट्रक से टकराया कंटेनर

एनएनआई

**आगरा।** रुनकता में शनिवार रात 12 बजे तेज रफ्तार कैंटर आगे चल रहे कंटेनर से टकरा गया। हादसा इतना जबर्दस्त था कि कैंटर के केबिन का कुछ हिस्सा हाईवे पर गिर गया। इससे केबिन में बैठी महिला, एक पुरुष, चालक और पिछले हिस्से में सवार एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। केबिन से बाहर गिरने की वजह से एक युवक बच गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे भरतपुर के अस्पताल ले गए। पुलिस के मुताबिक हादसे का कारण चालक का शराब पीकर वाहन चलाना बताया जा रहा है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए जाम भी लग गया।

हादसा रुनकता फ्लाईओवर से उतरने के बाद हुआ। पुलिस ने बताया कि सिकंदरा की तरफ से एक



कैंटर मथुरा की ओर जा रहा था। कैंटर में बांस-बल्लियां भरी हुई थीं। चालक ने स्पीड अधिक की। फ्लाईओवर पर आगे एक ट्रक चल रहा था। यहीं पर लोहरे का पंक्चर की दुकान है। इसी के पास कैंटर आगे चल रहे कंटेनर में पीछे से जा घुसा। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कैंटर के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। वह टूटकर अलग गया। घायल एक सवारी ने एसएन इमरजेंसी में दम तोड़ दिया। पांचवें व्यक्ति का इलाज कराया गया। सूचना पर उनके परिजन आ गए। उन्हें भरतपुर के अस्पताल में ले गए। एसीपी हरीपर्वत अक्षय संजय महाडिक ने बताया कि महिला व पुरुष मथुरा जा रहे थे। वहीं चालक और एक किशोर की पहचान नहीं हो सकी है। उधर, घायल युवक की पहचान उपेंद्र निवासी भरतपुर के रूप में हुई है। वह गुरुग्राम जा रहा था। ग्वालियर से परीक्षा देकर लौट रहा था। उसके परिजन आ गए। उन्हें भरतपुर के अस्पताल में ले गए हैं। वहीं मृतकों में शामिल एक किशोर कैंटर के पिछले हिस्से में सवार थे। टक्कर से उसके सिर में बल्लियां लगने से मृत्यु हो गई। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। रात दो बजे पुलिस ने कंटेनर को पकड़ लिया। वहीं कैंटर को चौकी पर खड़ा कर दिया गया।

# अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक और ऑटो को रौंदा, सात घायल

**फिरोजाबाद।** टूंडला में एटा रोड पर शनिवार शाम एक तेज रफ्तार बोलेरो के अनियंत्रित होकर ओवरटेक करने के प्रयास में भीषण सड़क हादसा हो गया। बोलेरो की टक्कर से एक बाइक सवार और ऑटो में सवार छह लोग सहित कुल सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तुरंत उपचार के लिए एफएच अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बोलेरो चालक को हिरासत में ले लिया है और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया है।

हादसा एटा रोड पर निहाल सिंह की पुलिया के निकट हुआ। पुलिस के अनुसार एक बोलेरो पचोखरा की ओर तेज गति से जा रही थी, चालक ने लापरवाही से ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान बोलेरो ने सामने से आ रहे बाइक सवार अनिल प्रताप निवासी श्रीरामगढ़ी, थाना नारखी को जोरदार टक्कर मार दी। अनिल प्रताप गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक को टक्कर मारने के बाद भी बोलेरो चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाया और आगे जा रहे एक ऑटो रिक्शा में जा टकराया। टक्कर के बाद ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ऑटो चालक मुकीम निवासी राजमल, थाना रजावली और ऑटो में सवार इसरार, इरफान, तेनु खान, तौहीद और इशरत सभी निवासी राजमल, थाना रजावली घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल पुलिस द्वारा एफएच अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार देर रात तक जारी रहा। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह ने बताया, तेज रफ्तर बोलेरो चालक को गाड़ी सहित हिरासत में ले लिया गया है।

# संत प्रेमानंद की पदयात्रा अनिश्चित काल के लिए स्थगित, आश्रम ने जारी की सूचना

एनएनआई

**वृंदावन।** राधानाम का प्रचार कर देश-दुनिया में ख्याति प्राप्त करने वाले संत प्रेमानंद की रात्रिकालीन पदयात्रा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। संत प्रेमानंद के स्वास्थ्य कारणों से ये निर्णय लिया गया है। संत पिछले दो दिन से पदयात्रा पर नहीं कर रहे थे। देश के विभिन्न प्रांतों से आकर हजारों श्रद्धालु पदयात्रा में उनके दर्शन के इंतजार में सड़क किनारे रात गुजार रहे थे।



संत प्रेमानंद के श्रीराधा केलिकुंज आश्रम ने शनिवार को सूचना जारी कर संत की सुबह चार बजे निकलने वाली पदयात्रा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की सूचना दी है। इसलिए जो भी श्रद्धालु रातभर रास्ते में खड़े रहकर संत प्रेमानंद के दर्शन को सड़क पर पहुंचते हैं, वे रात में पदयात्रा के दर्शन के लिए न पहुंचें। संत प्रेमानंद प्रतिदिन सुबह चार बजे छटीकरा मार्ग स्थित श्रीकृष्ण शरणम आवसीय कालोनी स्थित अपने आवास से परिक्रमा मार्ग के रमणरेती क्षेत्र स्थित श्रीराधा केलिकुंज आश्रम में पदयात्रा करते हुए पहुंचते थे। ऐसे में पदयात्रा में संत प्रेमानंद के दर्शन के लिए रात नौ बजे से ही पूरे रास्ते में देश के विभिन्न प्रांतों के हजारों श्रद्धालु डेरा डाल लेते हैं।

# हाथरस में पुरानी रंजिश में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

## लाठी-डंडे और सरिया चले, 7 लोग घायल, अस्पताल में भर्ती

**हाथरस।** चंदपा कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ी कछवाह में शनिवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान लाठी-डंडे, सरिया, फावड़े चले, जिसमें दोनों पक्षों के सात लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गढ़ी कछवाह गांव में दो पक्षों के बीच लंबे समय से पुरानी रंजिश चल रही थी। शनिवार शाम को दोनों पक्ष फिर आमने-सामने आ गए। पहले गाली-गलौज हुई, जिसके बाद बात मारपीट तक पहुंच गई।

दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी, डंडे, सरिया और फावड़े से हमला किया। इस संघर्ष में एक पक्ष से हम्मीर सिंह, रचित, प्राची, योगेश और रजनी घायल हुए। वहीं, दूसरे पक्ष



से अरविंद और ओमवती को चोटें आईं। घायलों में महिलाएं भी शामिल हैं। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की



सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने कुछ घायलों से भी पूछताछ की।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र | न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# नदी में सातों युवक लापता, अब बन रहा बांध

एनएनआई



आगरा। उटंगन नदी का किनारा इन दिनों चीख और सिसकियों से गूंज रहा है। दशहरा पर यहां लोग देवी प्रतिमा लेकर जयकारों के साथ विसर्जन करने पहुंचे थे, मगर आज मातम है। नदी के गहरे गड्ढे में समा गए कुसियापुर गांव के 12 लोग पूरे इलाके को गमगीन कर गए। 5 शव मिल चुके हैं, लेकिन 7 परिवारों की आंखें अब भी नदी की लहरों में अपनों को तलाशती रहीं।

घटना के तीसरे दिन भी सुबह से ही सर्च ऑपरेशन चला लेकिन शाम तक मायूसी ही हाथ लगी। सैकड़ों की भीड़ में नदी में अपनों को तलाशती आंखें सूरज ढलने के साथ पथरा गईं। नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एनडीआरएफ), स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ) और सेना की टुकड़ी के अलावा अन्य गोताखोरों ने पूरी ताकत झोंक दी। मगर, ओझल हुए 7 लोगों का कोई सुराग नहीं मिला। 2 अक्तूबर को घटना वाले दिन से ग्रामीण नदी के किनारे डटे हुए हैं। नदी में डूबे लोगों के परिजन तो बार-बार बेसुध हो जाते हैं। हर कोई गोताखोर को उम्मीद की निगाहों से देखता है, नहीं में सिर हिलाने पर मायूस हो जाता है। दो दिन तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद भी जब 7 लोगों का पता नहीं चला तो कुसियापुर के अलावा अन्य गांवों के तैराक भी हिम्मत दिखाते हुए नदी में उतरे। शनिवार सुबह 400 ग्रामीण हाथों में तसला-फावड़ा लेकर पहुंच गए। ग्रामीणों ने पानी का बहाव रोकने के लिए खाली सीमेंट की बोरियों में मिट्टी भरकर नदी पर बांध बनाना शुरू किया। शाम होते-होते ग्रामीणों ने नदी के एक किनारे से दूसरे किनारे तक करीब 10 फीट मिट्टी डालकर बांध बना दिया। उधर, प्रशासन ने बुलडोजर लगाकर बांध से पहले एक अस्थायी नाला तैयार कर दिया। इससे नदी की धारा बदल गई है।माना जा रहा है कि इससे डूबे लोगों की तलाश में कुछ आसानी होगी।

## मातम के बीच खुला शराब का ठेका

### महिलाओं का फूटा गुस्सा, तहस-नहस की लाखों की शराब

आगरा। खेरागढ़ क्षेत्र में देवी प्रतिमा विसर्जन के दौरान उटंगन नदी में डूबे 13 लोगों में से सात युवकों का अभी भी पता नहीं चल सका। इस हादसे से कुसियापुर ही नहीं आस पास के गांव शोक में डूबे हैं। इस दौरान कुसियापुर गांव के बाहर शराब का ठेका खोले जाने से ग्रामीण भड़क गए। उन्होंने ठेके पर पहुंचकर जमकर तोड़फोड़ कर दी। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई।



ग्रामीणों का कहना था कि गांव में हुई दुखद घटना के बाद भी शराब बेची जा रही है। इस पर पुलिस प्रशासन ने कोई रोक नहीं लगाई। इस पर बड़ी संख्या में महिलाएं ठेके पर पहुंच गई? और नारेबाजी करते हुए काफी देर तक हंगामा किया। सूचना पर पुलिस फोर्स पहुंचा। तब कहीं जाकर मामला शांत हो सका। तब तक लाखों की शराब की बोतल तोड़कर नष्ट कर दी गई थीं।

## देवी जागरण में पूरी रात भक्ति की शक्ति में डूबे लोग, गायकों ने बांधे रखा समां

आगरा एनएनआई। बालूगंज बाजार जागरण कमेटी की ओर से 50 वां विशाल माँ भगवती देवी जागरण बालू गंज पुलिस चौकी चौराहा पर बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। पूरी रात कलाकारों ने एक से एक बढ़कर देवी गीत गाए ऑर झांकी प्रस्तुत कर श्रोताओ को पूरी रात बांधे रखा। गायक संदीप मस्ताना कानपुर, मनीषा रावत नोएडा, चंदन शर्मा हाथरस, लविश गुप्ता बुलंदशहर, प्रीति गुप्ता कानपुर आदि कलाकारों ने देवी माता की भजन गाकर समा बांधा। कार्यक्रम में कमल कांत अग्रवाल अध्यक्ष , देवेन्द्र दीक्षित, जितेन्द्र दीक्षित, शेलू दीक्षित, संजय अग्रवाल एडवोकेट, संजीव गुप्ता, गोपाल सोलंकी, मुकेश खण्डेलवाल, अंश दीक्षित, अर्पित, वाशु गुप्ता, इन्द्रमोहन राठी, विनोद श्रोतिय, अनमोल तिवारी, योगेश शर्मा, अंशुल सोलंकी, रूपेश भारद्वाज एडवोकेट, अमन, जीतू पंडित आदि मौजूद रहे।

## साहब! थानेदार मांगता है पैसे

- सिपाही ने एत्माद्दौला थाना प्रभारी पर लगाया पैसे मांगने का आरोप
- सिपाही की पोस्ट वायरल, पूर्व में भी लगा था आरोप
- डीसीपी सिटी ने सौंपी एसीपी को जांच

आगरा एनएनआई। एत्मादुद्दौला थाना प्रभारी एक बार फिर विवादों में आ गए हैं। उन पर एक सिपाही ने ही अभद्रता करने और पैसे मांगने का आरोप लगाया है।

थाने में तैनात सिपाही कुलभूषण सिंह ने थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार दुबे पर रुपये मांगने और अभद्रता करने का गंभीर आरोप लगाया है। सिपाही ने थाने के व्हाट्सएप ग्रुप पर पोस्ट डालते हुए लिखा कि एसएचओ ने पैसे मांगे, कहां से लाएं। 21 सितंबर से लगातार बदतमीजी की जा रही है। इस पोस्ट के साथ एक पत्र भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।

डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि मामले की जांच एसीपी छत्ता पियूष कांत राय को सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले भी रामबाग चौकी में तैनात एक अन्य सिपाही ने थाना प्रभारी पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया था। लगातार मातहतों के आरोपों से खाकी की साख पर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस की छवि पर भी असर पड़ा है। इधर थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार दुबे ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि सिपाही कुलभूषण शराब के नशे का आदी है। नशे में ही उसने यह हरकत की थी। बाद में उसने अपनी गलती स्वीकार कर माफी भी मांग ली। अब देखना यह है कि इस मामले को भी रफा-दफा कर दिया जाएगा या फिर कोई कार्रवाई की जाएगी।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

### त्योहार पर प्रचार पर नगर निगम का 'वार'

## शहर में बिना अनुमति होर्डिंग, बोर्ड और गेटों को उखाड़ा

आगरा एनएनआई। त्योहार के मौके पर बिना अनुमति विज्ञापन करने वालों पर नगर निगम सख्त हो गया है। शनिवार को तपन घी, सुरेश चंद-दिनेश चंद सहित कई शोरूम और ब्रांड के विज्ञापन गेट उखाड़ दिए।

त्योहारों के मौके पर कारोबारियों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानों के सामने बड़े-बड़े बोर्ड, होर्डिंग और गेट लगाकर प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। नगर निगम की अनुमति लिए बिना लगाये गये ऐसे विज्ञापन अब व्यापारियों पर भारी पड़ने लगे हैं। शनिवार को नगर निगम प्रशासन ने बिना अनुमति लगाये गये विज्ञापनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उन्हें जब्त कर लिया। नगर निगम की आरआई शिप्रा गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने नेहरू नगर पुलिस चौकी के पास छापा मार कार्रवाई की। यहां तपन घी, सुरेश चंद और दिनेश चंद साड़ी वाले ने नगर निगम की अनुमति के बिना विज्ञापन गेट खड़े कर दिये थे। निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी गेट और बोर्ड हटवा दिये। सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम ने बताया-कोई भी व्यापारी यदि त्योहारों के दौरान विज्ञापन के लिए गेट या बोर्ड लगाना चाहता है तो उसे पहले नगर निगम से अनुमति लेनी होगी।

इसके लिए निर्धारित शुल्क जमा करना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति लगाये गये विज्ञापन पटों और गेटों को जब्त कर लिया जाएगा और संबंधित व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। निगम प्रशासन ने कारोबारियों से अपील की है कि वे निर्धारित शुल्क जमा कर ही विज्ञापन करें, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



## सपा ने धूमधाम से मनाया 33वां स्थापना दिवस

एनएनआई

आगरा। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर निर्वतमान जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा की अध्यक्षता में 33वां स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने मिठाई बाँटकर एक-दूसरे को बधाई दी।

स्थापना दिवस पर पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय नेताजी मुलायम सिंह यादव के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। साथ ही, कार्यकर्ताओं ने शपथ ग्रहण करते हुए यह संकल्प लिया कि वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा।

इसके उपरांत मासिक बैठक का आयोजन भी संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा जी ने की। बैठक में आगामी स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद चुनाव के मद्देनजर कार्यकताओं को मतदाता संख्या बढ़ाने और बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सुरेन्द्र चौधरी,सुधीर दुबे, नितिन कोहली, राजेश शर्मा, वीरेंद्र चौहान,पवन प्रजापति, संतोष पाल, देवेंद्र यादव, अमित कुशवाह, मानवेन्द्र सिंह, अखिलेश यादव, आलोक यादव, राजेश यादव,योगेश यादव, रमेश यादव, मोनू अहीर,आदिल मिर्जा, सोने लाल कश्यप, गुड्डी भारती,हेमंत यादव आदि लोग मौजूद रहे।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
रविवार, 05 अक्टूबर, 2025






# जाणता राजा महानाट्य ने मोहा मन

- दिव्य प्रेम सेवा मिशन का सांस्कृतिक समर्पण
- शिवाजी महाराज के पराक्रम की गूंज में डूबा कलाकृति कन्वेंशन सेंटर परिसर

एनएनआई

**आगरा।** छत्रपति शिवाजी महाराज के अदम्य साहस, राष्ट्रनिष्ठा और धर्मरक्षण की भावना को जीवंत करते हुए दिव्य प्रेम सेवा मिशन द्वारा प्रस्तुत जाणता राजा महा नाट्य का मंचन शनिवार को ऐतिहासिक गरिमा और सांस्कृतिक आस्था का अद्भुत संगम बन गया। हजारों दर्शकों से खचाखच भरे कलाकृति कन्वेंशन सेंटर में जब मंच पर शिवाजी महाराज का तेजस्वी व्यक्तित्व जीवंत हुआ तो पूरा वातावरण जय भवानी, जय शिवाजी के नारों से गूंज उठा। हाथी,घोड़े, ऊंटों ने नाटक ने महानाट्य की भव्यता को जब बढ़ाया तो उपस्थित दर्शक हतप्रभ रह गए। छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के दृश्यों को आतिशबाजी और संगीत मय मंत्रों की ध्वनि ने आकर्षक रूप दिया। पद्म विभूषण बाबासाहेब पुरंदरे द्वारा लिखित महा नाट्य का निर्देशन योगेश शिरोले ने किया है और महासचिव अजीत राव आप्टे हैं। अपने सशक्त अभिनय से शिवाजी महाराज के पात्र में अभिजीत पाटाने ने दर्शकों को बांधे रखा।

### महा नाट्य दृश्य दर दृश्य

नाटक का प्रारंभ राजमाता जिजाबाई के मातृत्व और शिवाजी को दिए गए धर्मरक्षण के संस्कारों से हुआ। उनकी संवाद प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। युवा शिवाजी द्वारा तोरणा किले पर विजय प्राप्त करने और हिंदवी स्वराज्य के उद्घोष ने वातावरण को रोमांचित कर दिया। अफजल खान के वध का दृश्य पूरे नाट्य का शिखर रहा। अफजल खान के छल का अंत शिवाजी के वाघनख से हुआ। आगरा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में शिवाजी और औरंगजेब का सामना विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। शिवाजी की संयम, बुद्धिमत्ता और रणनीतिक कौशल ने दर्शकों को अभिभूत किया। रायगढ़ किले पर राज्याभिषेक का दृश्य नाट्य की भव्यता का शिखर था। मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और पुष्पवर्षा के बीच जब शिवाजी महाराज सिंहासन पर विराजमान हुए, तो दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया। अंतिम दृश्य में शिवाजी महाराज द्वारा जनकल्याण और धर्मरक्षण की शपथ ने नाटक को भावपूर्ण विराम दिया। 500 से अधिक कलाकारों, तकनीशियनों और स्वयंसेवकों की टीम ने इस प्रस्तुति को जीवंत किया। मंच सज्जा में रायगढ़ दुर्ग, युद्ध दृश्य में अश्वारोहण और तोपों की गर्जना ने वास्तविकता का आभास कराया। निर्देशन, संवाद अदायगी और पार्श्व संगीत ने दर्शकों को 17वीं शताब्दी के स्वराज्य युग में पहुंचाया।



# आगरा में गूंजा जाणता राजा का उद्घोष

- पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने किया उद्घाटन, की तारीफ
- मंत्री जयवीर ने की 200 करोड़ का डिजिटल म्यूजियम घोषित
- जाणता राजा से लें नीति-निष्ठा की प्रेरणाः राम नाथ कोविंद

एनएनआई

**आगरा।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन के तत्वावधान में ताज नगरी आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज की अमर गाथा को जीवंत करने वाला जाणता राजा महानाट्य का शुभारंभ शनिवार को मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शिवाजी महाराज की कैद स्थली पर 200 करोड़ रुपये की लागत से डिजिटल म्यूजियम की घोषणा की। डॉ. आशीष गौतम ने आग्रा को शिवाजी की भूमि बताते हुए मुगलों से अलग पहचान पर जोर दिया।





इस मौके पर पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने जाणता राजा को जनता का मन जानने वाला शासक बताते हुए कहाकि उन्होंने इसे तीन बार देखा। दिल्ली में प्रमोद महाजन के प्रयास से, औरंगाबाद और अब आगरा में। रायगढ़ किले का जिक्र करते हुए बोले, यह चंडीगढ़ जैसी योजनाबद्ध नगरी का प्राचीन उदाहरण है। शिवाजी के शौर्य, विनम्रता व मयार्दा को श्रीराम से जोड़ा। साथ ही अपील की कि शिवाजी के आदर्शों से सेवा-भाव अपनाएं, आत्मनिर्भर भारत बनाएं।

समारोह में स्वामी उमाकांतानंद सरस्वती महाराज, प्रो. डीपी सिंह, महेश चतुर्वेदी, राकेश गर्ग, संजय चतुर्वेदी सहित बडी संख्या में राष्ट्रभक्त, सनातन प्रेमी, छात्र-छात्राएं और भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम ने कहाकि 1666 में शिवाजी महाराज को औरंगजेब ने धोखे से कैद किया था। तीन माह की कैद के बाद स्थानीय फल विक्रेताओं व ठेले वालों के सहयोग से वे रायगढ़ लौटे और 1674 में हिंदवी स्वराज की स्थापना की। संविधान से जोड़ते हुए डॉ. गौतम ने कहाकि बाबा साहेब अंबेडकर की प्रारूप समिति द्वारा तैयार संविधान में शिवाजी के हिंदवी स्वराज का चित्र हिंदी हस्ताक्षरों संग विद्यमान है। पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने घोषणा की कि शिवाजी महाराज की कैद स्थली पर 197.27 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक डिजिटल म्यूजियम मार्च 2026 तक बनकर तैयार होगा।

इस मौके पर आरएसएस के क्षेत्र प्रचारक महेंद्र जी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया, विधायक डॉ. जीएस धर्मेश, पूर्व मंत्री उदयभान सिंह, अभिनव मौर्य, ललित शर्मा, गोविंद दुबे, राहुल सारस्वत, जयवीर सिंह, शुभम नेचुरल, राहुल चैधरी, मनीष थापक, राहुल जोशी, विवेक नाथ तिवारी, अवधेश पंडित, मुकेश गुप्ता, मोहित सोलंकी, मोनू दुबे, राघवेंद्र आदि मौजूद रहे।

### आयोजन इनका रहा विशेष सहयोग

जाड़ता राजा महानाट्य की आयोजन समिति के अध्यक्ष सीए संजीव माहेश्वरी के नेतृत्व में अरविन्द, महेश गोयल, डॉ. सिमरन उपाध्याय, विनायक मुद्गल, आशीष त्यागी, मनीष अग्रवाल रावी, फूल सिंह, मनीष अग्रवाल, रीना शर्मा, अनिकेत तोमर, प्रतिभा जिंदल, अवधेश शर्मा, उज्जवल चौहान, सुमित दिवाकर, रजत शर्मा, देवेंद्र त्यागी, श्रीप्रकाश सिंह, डॉ. निधि शर्मा, अमित अग्रवाल ग्वाला, पंकज पाठक, परमवीर चैधरी, कार्तिक प्रधान, निशांत प्रजापति, तरून जोशी, मुकेश अग्रवाल, सीमा सिंह, अजय शर्मा, पंकज कटारा, आशीष पाराशर, विदित बंसल, अक्षत वर्मा, अदिति कात्यायन, युवराज सिंह चैहान, मुकेश गोयल, लालता प्रसाद सारस्वत, दिग्विजय नाथ तिवारी, धीरज शर्मा, दीप विनायक पटेल, कान्हा राठौर, ध्रुव गुप्ता, राघव वर्मा, अमन चौहान, आकाश शर्मा, विमलेश सारस्वत आदि की विशेष भूमिका रही।

# अप्सा के फिएस्टा में रही कल्चरल की धूम

- बीडी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ एपीएसए लिटरेरी एंड कल्चरल फिएस्टा का आयोजन

एनएनआई





**आगरा।** बीडी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल शास्त्रीपुरम में प्रोग्रेसिव स्कूल एसोसिएशन अप्सा के सहयोग से एपीएसए लिटरेरी एंड कल्चरल फिएस्टा में शनिवार को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सीनियर वर्ग आयोजित की गई। इसमें आगरा के 10 विद्यालयों ने भाग लिया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुशील गुप्ता, डॉ. गिरधर शर्मा, त्रिलोक सिंह राणा और मनीष अग्रवाल उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में मानसी आहूजा, डॉ. सुनील उपाध्याय और अर्चना गौतम शामिल रहीं।

कार्यक्रम की होस्टिंग और समन्वय विशाखा श्रीवास्तव और मनीषा चाहर ने किया। अतिथियों का स्वागत डॉ. देवव्रत शर्मा (डायरेक्टर), डॉ. चन्द्रव्रत सरस्वत (मैनेजिंग डायरेक्टर), प्रिंसिपल दीप्ति कोहली और वाइस प्रिंसिपल रिपुदमन सिंह ने किया। यह आयोजन प्रतिभागियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक मूल्यों को मंच प्रदान करने में अत्यंत सफल रहा। विद्यालय परिवार ने आभार व्यक्त किया और विजेताओं सहित सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

### इन विद्यालयों ने लिया भाग

प्रील्यूड पब्लिक स्कूल, सिम्बॉयजिया स्कूल, आगरा पब्लिक स्कूल, होली पब्लिक स्कूल, गायत्री पब्लिक स्कूल, कर्नल्स ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल, सेंट एंड्रयूज स्कूल, सेंट एंड्रयूज पब्लिक स्कूल, सेंट सीएफ एंड्रयूज स्कूल और ऑल सेंट्स स्कूल ने भाग लिया।

### ये रहे विजेता

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गायत्री पब्लिक स्कूल, शास्त्रीपुरम, द्वितीय स्थान कर्नल्स ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल, तृतीय स्थानरू प्रील्यूड पब्लिक स्कूल और सांत्वना पुरस्कार ऑल सेंट्स स्कूल और सेंट एंड्रयूज पब्लिक स्कूल ने प्राप्त किया।

# प्राकृत भाषा और जैन दर्शन पर हुआ गहन विचार-विमर्श

**आगरा में राष्ट्रीय प्राकृत संगोष्ठी का दूसरा दिन वक्ताओं ने रखे अपने विचार**

एनएनआई



**आगरा।** तीन दिवसीय चतुर्थ राष्ट्रीय प्राकृत संगोष्ठी का दूसरा दिन महावीर भवन जैन स्थानक में बहुश्रुत जयमुनि के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस संगोष्ठी में देश भर से आए विद्वानों ने जैन आगम स्थानाङ्गसूत्र पर गहन चर्चा की।

दूसरे दिन की शुरूआत चतुर्थ सत्र के साथ हुई, जिसमें प्राकृत भाषा के विकास और प्रचार-प्रसार पर चर्चा हुई। विजयकुमार जैन निर्देशक, बीएलआई-दिल्ली, धरमचंद जैन जयपुर) और जीतू भाई शाह अहमदाबाद ने भविष्य में शिक्षा पद्धति में प्राकृत भाषा के उपयोग विचार किया। अन्य विद्वानों ने प्राकृत को दैनिक जीवन में लाने के लिए अपने विचार साझा किए। पंचम सत्र में सुनैना जैन हिसार, श्वेता जैन जोधपुर, सुनीता जैन दिल्ली और एम चंद्रशेखर ने ब्रह्मचर्य, ज्ञान, चैभंगी शैली और क्रोध के प्रकार जैसे विषयों पर प्रकाश डाला।

छठे सत्र में, सुमतकुमार जैन उदयपुर, पत्रिका जैन लखनऊ, पवन कुमार जैन जोधपुर, अक्षिता संघवी अहमदाबाद और फूलचंद शास्त्री उदयपुर ने अभिनय वर्णन, पांच रसों के परित्याग, चिकित्सा विज्ञान, दस आश्चर्य और पांच निग्रंथों पर विचार प्रस्तुत किए। सातवें और आठवें सत्र में विजयकुमार जैन दिल्ली, डॉ. वैशाली शाह अहमदाबाद और सुभाष कोठारी उदयपुर ने स्थानाङ्गसूत्र में वर्णित जीव और जगत की व्याख्या, एगा आया एगा वेयणा, चार प्रकार की अंतःक्रिया और श्रमणोपासक के चतुर्विध वर्गीकरण पर प्रस्तुतीकरण किया। इसके अतिरिक्त, कमल जैन दिल्ली, कल्पन शाह अहमदाबाद और दिलीप धींग चेन्नई ने चार निक्षेप, ध्यान, चत्तारि शब्द का वर्गीकरण और दशविध समाचारी जैसे विषयों पर जानकारी दी। प्रतिभागियों को स्थानाङ्गसूत्र की गूढ़ शिक्षाओं को समझने और उन्हें अपने जीवन में उतारने का मौका मिला। इस मौके पर केंद्रीय हिंदी संस्थान से प्रो. उमापति दीक्षित, एसएस जैन ट्रस्ट के राजेश सकलेचा, अनिल जैन, अशोक जैन गुल्लू, मीडिया समन्वयक विवेक कुमार जैन, कोमल जैन सुराना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आगरा में शुरू हुई एंडो रोबो गायनी कार्यशाला

## आगरा से डॉक्टरों ने की मुम्बई और भोपाल में भर्ती मरीजों की सर्जरी



- आगरा ऑब्स्ट्रेटिकल एंड गायनेकोलॉजी सोसायटी की कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ
- देश भर से 400 से अधिक विशेषज्ञ ले रहे भाग, रोबोटिक सर्जरी की दी हैंड ऑन ट्रेनिंग

एनएनआई

**आगरा।** मरीज भोपाल और मुम्बई के अस्पताल की ओटी में थे और सर्जन आगरा के डॉ. कमलेश टंडन नर्सिंग होम में। जहां से टेली रोबोटिक सर्जरी द्वारा गर्भाशय निकालने का सफल ऑपरेशन किया गया। आगरा के ताज होटल कनवेन्शन सेन्टर में आयोजित आगरा ऑब्स्ट्रेटिकल एंड गायनेकोलॉजी सोसायटी के नेशनल और यूपी चैप्टर और डॉ. कमलेश टंडन हॉस्पीटल एंड टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर द्वारा दो दिवसीय एंडो रोबो गायनी कार्यशाला में शनिवार को 25 जटिल ऑपरेशन किए गए। इसमें भोपाल और मुम्बई की दो महिलाओं के गर्भाशय निकालने के ऑपरेशन रोबोटिक टेली सर्जरी विधि से किए गए, जिनका लाइव प्रसारण ताज होटल एंड कनवेन्शन सेन्टर में किया गया। डॉ. अमित टंडन ने बताया कि आगरा में पहली बार रोबोटिक टेली सर्जरी किसी कार्यशाला में की गई है। इसमें रिमोट एक्सेस दूसरे शहर में बैठे सर्जन के पास होता है। कैंसर, पेट, आंत, स्त्री रोग से सम्बंधिक समस्याओं में रोबोटिक टेली सर्जरी की जा रही है। इस विधि से जटिल समस्या होने और सर्जन के दूर होने पर अपने शहर में ही बैठकर दूसरे शहर में मौजूद एक्सर्ट सर्जन से सर्जरी करवायी जा सकती है। सर्जरी करने वाले विशेषज्ञों में डॉ. अमित टंडन, डॉ. प्रिया भावे, डॉ. हफीज रहमान, डॉ. सुयश नवल, डॉ. आशीष काले, डॉ. देवांग जोगल, डॉ. बी रमेश, डॉ. सेजल नईक, डॉ. संदीप निखाडे, डॉ. अमित तनेजा, डॉ. मिलिंद तेलंग, डॉ. नूतन जैन आदि शामिल रहे।

## मोटापा, तनाव बढा रहा रसौली की समस्या

- देरी से शादी, प्रदूषण हार्मोनल असंतुलन वाली दवाएं भी पैदा कर रहीं समस्या





**आगरा (एनएनआई)।** डॉक्टर सुजल मुंशी ने बताया गर्भाशय की थैली में गांठ (रसोली या फाइब्रोइड) की परेशानी महिलाओं में तेजी से बढ़ रही है। लगभग 20-30 प्रतिशत महिलाओं में समस्या देखने मिल रही है। 3-4 प्रतिशत में सर्जरी की आवश्यकता होती है। इसकी वजह देरी से विवाह और खाने में प्रिजरवेटिव के साथ, प्रदूषण हार्मोनल असंतुलन करने वाली दवाएं भी हैं। मोटापा, तनाव और अनियमित जीवनशैली भी गर्भाशय में रसौली के मामलों में इजाफा कर रहा है। यदि महिलाएं गर्भाशय को स्वस्थ और रसौली की समस्या से दूर रहना चाहती हैं तो अपनी दिनचर्या को तनावमुक्त रखने के साथ संतुलित खाना लें। फास्ट फूड से दूर रहें। हालांकि मीनोपॉज के दौरान महिलाओं में प्राकृतिक रूप से हार्मोनल असंतुलन के कारण यह समस्या हो सकती है, लेकिन आजकल 18-20 वर्ष की उम्र में भी समस्या देखने को मिल रही है। हंसना और डांस करना छीन सकती है यूरिन लीक की समस्या यूरिन लीक की समस्या हंसना, डांस करना मस्ती करने की आदत को छीन सकती है। यहां तक की छींकने और खांसने तक पर यूरिन लीक होने से आप असहज महसूस कर सकते हैं। यह समस्या कम उम्र में भी नजर ने लगी है। इसलिए अपनी पेल्विक प्लोर की मांसपेसियों का ख्याल रखें। इन मांसपेशियों के कमजोर होने पर हल्का सा भी जोर लगने पर पेशाब निकलने की समस्या महिलाओं में आम हो रही है। तनाव, बार-बार कब्ज होने और कई बार गर्भधारण या मीनोपॉज के समय पर समस्या बढ़ सकती है। योगा और अपने खान-पान को ठीक रखकर समस्या से दूर रहा जा सकता है। डॉ. सेजल ने कहाकि यूरिन लीक की समस्या आपके धूमने फिरने और सामान्य जीवन शैली में समस्या न बने इसके लिए व्यायाम करें। समस्या बढ़ने पर सर्जरी से भी परेशानी को हल किया जा सकता है।

## भविष्य नहीं वर्तमान है एंडो-रोबो सर्जरी



- हर गाइनेकोलॉजिस्ट का ट्रेंड होना जरूरीः पद्मश्री डॉ. उषा शर्मा

एनएनआई

**आगरा।** रोबोटिक सर्जरी अब भविष्य नहीं वर्तमान बन चुका है। गायनी में लगभग सभी ऑपरेशन लैप्रोस्कोपिक विधि से किए जा सकते हैं। इसलिए मरीजों की बेहतरी के लिए सभी गायनेकोलॉजिस्ट को लैप्रोस्कोपी में ट्रेड होना जरूरी है। कह कहना था पद्मश्री डॉ. उषा शर्मा का। उन्होंने एंडो रोबो गायनी कार्यशाला के लिए आयोजन समिति की सराहना की। मेडिकल डायरेक्टर एंड चीफ ऑफ जेनीटोयूरो-ऑकोलॉजी, राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट के डॉ. सुधीर रावल ने आगरा में पहली बार टेली रोबो सर्जरी के लिए शुभकामनाएं दीं। ताज होटल एंड कनवेन्शन सेन्टर में आयोजित दो दिवसीय आगरा ऑब्स्ट्रेटिकल एंड गायनेकोलॉजी सोसायटी के नेशनल और यूपी चैप्टर व डॉ. कमलेश टंडन हॉस्पीटल एंड टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर द्वारा एंडो रोबो गायनी कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. अमित टंडन ने कहाकि चिकित्सा के क्षेत्र में नई विधाओं व तकनीकों के आदान प्रदान के साथ नई सम्भावनाओं को आगे बढ़ाएगी एंडो रोबो गायनी कार्यशाला। देश के विभिन्न प्रांतों से आए 400 से अधिक चिकित्सकों की कार्यशाला में उपस्थिति रही। आईएजीई यूपी चैप्टर की चेयरपर्सन डॉ. नूतन जैन, डॉ. कल्याण ने चार ऑपरेशन थिएटर में आज 25 ऑपरेशन को कार्यशाला की सफलता बताया। अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। समारोह का शुभारम्भ गणेश वंदना के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर डॉ. कमलेश टंडन, डॉ. पं. मलासकर, डॉ. नीलम ओहरी, डॉ. वैशाली टंडन, एओजीएस की चेयरपर्सन डॉ. रिचा सिंह, डॉ. निधि बंसल सहित अन्य चिकित्साक मौजूद रहे। संचालन डॉ. निहारिका मल्होत्रा ने किया।

# डांडिया रास में झूमा दयालबाग



एनएनआई

**आगरा।** हाथों में डांडिया लिए और श्रृंगार किए अनारकली लहंगे में तो कोई राजस्थानी परंपरागत वेशभूषा तो कोई कलाइयों से कुहनियों तक चूड़ियां चूनर ओढ़े..। यह नजारा दिखा शनिवार शाम दयालबाग स्थित हरिओम सेवा सदन में जहां फेस ऑफ आगरा संस्था की ओर से डांडिया रास का आयोजन किया गया था। इस डांडिया नाइट में महिलाएं-युवतियां सहेलियों संग इस कदर झूमीं कि घंटों तक किसी को होश ही न रहा। हरी घास पर दूधिया रोशनी में इस डांडिया नाइट के आयोजन में शाम यादगार बन गई।

कार्यक्रम संयोजक प्रिया बंसल ने बताया कि डांडिया की शुरूआत ढोल बाजे, नगाड़े संग ढोल बाजे, आधा है चंद्रमा रात आधी रीमिक्स, दीवाने तो दीवाने हैं, ढोली तारो ढोल बाजे.. आदि गीतों से हुई। जैसे-जैसे घड़ी की सुई आगे बढ़ती गई, डांडिया नाइट की धूम मचती गई। महिलाओं में डांडिया उत्सव का उत्साह देखते ही बन रहा था। बेस्ट ड्रेस, बेस्ट डांस, बेस्ट ड्रेस किड, बेस्ट कपल आदि टाइटल का खिताब भी लोगो को दिया गया। महिलाओ ने हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगायी। इस दौरान आयोजक प्रिया बंसल, अवदेश त्यागी, मधुसूदन टंडन, विशाल बसंल, आशीष रायजादा, डॉ. ऋषभ गुप्ता, गगन मित्तल, रूबी शर्मा, मनोज यादव, हिमांशु चौहान, हिमांशु जैन आदि मौजूद रहे।



## राधे ग्रीन कॉलोनी में डांडिया पर झूमे युवा

**आगरा** एनएनआई। राधे ग्रीन कॉलोनी दयालबाग में आयोजित डांडिया की धूम मची रही। हर ओर सब लोग डांडिया लेकर जमकर नाचे, बच्चों द्वारा रामलीला का मंचन भी किया गया। इस दौरान वार्ड 62 के पार्षद भरत शर्मा का भी स्वागत किया गया। साथ में हर्ष पचौरी, मणि, भूषण शर्मा, निशांत शर्मा, रेनू शर्मा, मनी पचोरी एवं समस्त कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

## ढोल नगाड़ों संग निकाली मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा

एनएनआई

**आगरा।** भक्तिभाव के साथ नाचते गाते, ढोल नगाड़ों संग आज मां भगवती की विदाई गई। मां भगवती सेवा मण्डल द्वारा तोता के ताल पर सजे पण्डाल में आज माता की प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गुलाल उड़ाते, भक्ति में झूमते सैकड़ों भक्तजनों ने भाग लिया। विसर्जन से पूर्व मां दुर्गा का पूजन कर आरती की गई। आकर्षक झांकियों व ऊंटों की अगुवाई में मां दुर्गा की 15 फुट की प्रतिमा को रथ पर सवार कर ले जाया गया।

आगे ऊंटों की सवारी और साथ में विघ्नविनाशक गणपति की प्रतिमा। मां दुर्गा के रथ पर देवी स्वरूपा नौ कन्याएं भी बैठी थीं। आयोजन समिति के मनीष ने बताया कि 15 फुट की मां दुर्गा की प्रतिमा कलकत्ता से विशेष मंगवाई गई थी। अगली बार



नवदुर्गा योजन को और भी भव्य रूप से मनाया जाएगा। योजन समिति के सबी सदस्यों ने भक्तजनों को सफल आयोजन कराने में मदद के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुकेश, आकाश, मनीष, दिनेश कुशवाह, विष्णु, पार्षद विक्रांत कुशवाह, पार्षद अमित पटेल, पिंकी, रिया, सुमन, रूबी आदि उपस्थित थीं।

## आईएमए प्रसिडेंट इलेक्ट डॉ. हरेन्द्र गुप्ता का स्वागत

एनएनआई

**आगरा।** इंडियन मेडिकल सोसिएशन (आईएमए) के प्रसीडेन्ट इलेक्ट का अग्रवाल महासभा व बचपन के सहपाटियों द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत, सम्मान किया गया। महासभा के महामंत्री विष्णु विहारी गोयल के निवास शंकरपुरी कालोनी, शाहगंज में आयोजित सम्मान समारोह में अग्रवाल महासभा व आईएमए के सदस्यों के साथ डॉ. हरेन्द्र गुप्ता के सहपाठियों (अग्रवाल कालेज के 1974 बैच के साथियों) ने भी उत्साह के साथ भाग लिया।

इस अवसर पर डॉ. हरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि विष्णु विहारी गोयल उनके बचपन के भी साथी हैं। उनके द्वारा सम्मान पाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है, मेरे पुरानी साथी आज भी मुझसे प्रेम करते हैं। 50 वर्ष पुराने दोस्तों ने मिलकर पुरानी यादों को ताजा किया। डॉ. गुप्ता ने कहा कि मरीज और डॉक्टर के बीत एक



बेहतर सामन्जस्य व प्रेम का माहौल बनाने के लिए प्रयास किया जाएगा। अग्रवाल महासभा के महामंत्री विष्णु विहारी गोयल ने कहा कि मरीज और डॉक्टर के बीत एक बेहतर रिश्ता बनाने के लिए प्रयासरत आगरा आईएमए अपने प्रयासों में सफलता के आगे बढ़ता रहेगा। डॉ. सुरेन्द्र कुमार जैन ने डॉ. हरेन्द्र गुप्ता को एक जुझारू डॉक्टर बताते हुए उनके चयन पर खुशी जाहिर की। आकाशवाणी दूरदर्शन के वरिष्ठ उद्घोषक देव प्रकाश शर्मा ने कहा कि हम सभी अग्रवाल कालेज 1974 के बैच के साथी हैं।

हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि आज हमारे साथी आईएमए के अध्यक्ष चुने गए हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. रजनीश सिंह, डॉ. आरएन गर्ग, सतेन्द्र अग्रवाल, राजकुमारी गर्ग, विजय कुमार गोयल, प्रदीप झा, हरिओम शर्मा, अनिल अग्रवाल, हरिकिशन अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, केके भगत, ओपी रंजन, अक्षय गोपाल, अजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# रंगोदय में देशभर के कलाकारों ने अपने अभिनय से सभी को किया प्रभावित

(एनएनआई)

**आगरा।** रंगोदय-2025 के चलते रंगग्राम अब देश के विभिन्न प्रांतों से आए हुए कलाकारों से गुलजार हो उठा है। इसके साथ ही संस्कार भारती नाट्य केंद्र द्वारा मिल्टन पब्लिक स्कूल के सहयोग से 21वें राष्ट्रीय नाट्य एवं नृत्य महोत्सव भी परवान चढ़ रहा है। सुबह जहां नृत्य प्रतियोगिताओं में कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वहीं शाम को नाट्य प्रतियोगिताओं में अपनी-अपनी अभिनय प्रतिभा दिखाई।




शाम को आयोजित नाट्य प्रतियोगिताओं का उदघाटन मुख्य अतिथि प्रधान आयकर आयुक्त अनुपम कांत गर्ग ने किया। उनका स्वागत मिल्टन पब्लिक स्कूल के एमडी डॉक्टर राहुल राज ने किया। नाट्य प्रतियोगिताओं के निर्णायक पटना (बिहार) से आए रंगकर्मी अभय सिन्हा, उड़ीसा से पधारे प्रसन्ना दास और प्रयागराज से पधारे अजीत बहादुर थे। थिएटर मूवमेंट कटक (उड़ीसा) के कलाकारों ने राधा रंजन दास लिखित नाटक पुनश्चः पृथ्वी मंचित किया जिसके निर्देशक अर्पित राउत थे।

बीइंग कलाकार डोमिवली मुंबई (महाराष्ट्र) के कलाकारों ने युवराज लिखित और निर्देशित नाटक महाकुंभ मंचित किया। अभिनायक रंगमंच दिल्ली के कलाकारों ने अमूल सागर नाथ लिखित नाटक मेरा वजूद मंचित किया, निर्देशक ऋतिका मल्होत्रा थीं। विंज एंटरटेनमेंट गिरिडीह (झारखंड) के कलाकारों ने विनीत स्वरूप लिखित-निर्देशित नाटक काली रात मंचित किया। चूमतांग क्रिएटिव आर्टिस्ट एसोसिएशन इंफाल (मणिपुर) के कलाकारों ने नीलाध्वजा कूमन लिखित और युमाम जोगिंदर सिंह निर्देशित नाटक तैजर वेपन मंचित किया। सुबह विभिन्न नृत्य प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ, जिसमें कलाकारों ने लोक-शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। दीप प्रज्ज्वलित करके उदघाटन संस्कार भारती नाट्य केंद्र के संस्थापक निदेशक केशव प्रसाद सिंह और नृत्य प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल के सदस्य पुरुषोत्तम मयूरा व ज्योति खंडेलवाल ने किया। नृत्य प्रतियोगिताओं में नटराज यूथ क्लब साहिबगंज और महाश्वेता कला केंद्र झारखंड के कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं। मंच संचालन वाणी सक्सेना ने किया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक डॉ. महेश धाकड़, अध्यक्ष पंकज सक्सेना, कार्यकारी निदेशक अजय दुबे, सचिव नीता तिवारी, उमा शंकर मिश्र, संजय चतुर्वेदी, चंद्र शेखर बहावर, अनीता परिहार, विशाल झा आदि भी मौजूद थे।

newsnextindia1@gmail.com
NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# एसडीएम के आश्वासन पर किसानो ने किया धरना समाप्त

## पीड़ित परिवार को पांच लाख रू देने का दिलाया भरोसा

एनएनआई

**जैतपुर।** जैतपुर पुरा जाख गांव के ज्ञान सिंह (50) की खून की उल्टी होने पर उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मृतक के चाचा राम बहादुर सिंह ने सीएमओ अरुण श्रीवास्तव को संबोधित पत्र में मौत के लिए जैतपुर सीएचसी पर चिकित्सक के गलत इलाज को जिम्मेदार ठहराते हुए दोषियों पर कार्यवाही की मांग की थी।

भारतीय किसान यूनियन (सर्वोदय) के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह चौहान ने 5 दिन पहले सीएमओ को संबोधित ज्ञापन के साथ सीएचसी पर प्रदर्शन कर दोषियों पर कार्यवाही और मृतक के जैतपुर सीएचसी पर शुक्रवार से धरना देते रहे परिजनों को मुआवजा दिए जाने की मांग की थी। कोई कार्यवाही न होने पर शुक्रवार को भानु प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में जैतपुर सीएचसी पर परिजन और किसान धरने पर बैठ गये। देर शाम डॉ. विनय कुमार के साथ एसीएमओ भाकियू के पदाधिकारी व



कार्यकर्ता । डॉ. एसके राहुल, डॉ. जितेन्द्र लवानिया धरनारत भाकियू नेताओं से वार्ता के लिए पहुंचे। देर शाम बाह के एसडीएम संतोष कुमार शुक्ला, एसीपी रामप्रवेश गुप्ता मौके पर पहुंचे। तब स्वास्थ्य विभाग की टीम सीएचसी से निकली। उसके बाद प्रशासनिक अधिकारियो ने सुबह 12 बजे तक समय मांग लिया लेकिन भारतीय किसान यूनियन सर्वोदय के कार्यकर्ता व पीड़ित परिवार में धरना समाप्त नहीं किया लेकिन शांतिपूर्ण धरना को जारी रखा और शनिवार शाम 4 बजे भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष सरबन भदौरिया पहुंचे उप जिलाधिकारी से बात की धरना स्थल पर बुलाया एस डी एम संतोष कुमार शुक्ला ने पीड़ित परिवार से बात की और आर्थिक मदद के रूप में 5 लाख रुपए सरकार से धनराशि देने का आश्वासन दिया और उपजिलाधिकारी बाह के नेतृत्व मे टीम घटित व जाँच होगी भाकियू सर्वोदय के राष्ट्रीय सरक्षक सुरेंद्र सिंह चौहान, राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन सिंह तोमर, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजावत सभी लगातार प्रशासनिक अधिकारियो के संपर्क मे रहे और आवश्यकता पढ़ाने पर धरना मे बैठने का भी आश्वासन दिया राष्ट्रीय अध्यक्ष लगातार इस मामले को संज्ञान में लिया और प्रदेश अध्यक्ष सरबन भदौरिया से लगातार सम्पर्क मे रहे जिससे गरीब परिवार को न्याय मिल सके।

2 दिन मे परिवार को न्याय मिला, डॉक्टर को भी तत्काल हटाया गया इस दौरान धरना स्थल पर प्रदेश अध्यक्ष सरबन भदौरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव भदौरिया, जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा शिवानी कुमारी,संगठन मंत्री धीरज राठौर, संगठन महामंत्री पप्पू त्यागी, जिलाउपाध्यक्ष विजय सिंह जादौन, युवा जिलाउपाध्यक्ष डॉ सी आर बघेल, सोनू, गोलू, संगठन के अन्य पदाधिकारी व पीड़ित परिवार और किसान मौजूद रहे।

# भव्य दिव्य भरत मिलाप में झाकियों ने दर्शकों का मन मोहा



एनएनआई


**बाह।** विजय दसमी के दूसरे दिन कस्बा बाह राम श्रीराम मय हो गया भरत मिलाप में श्रद्धा भक्ति का अदभुध संगम देखने को मिला आकर्षक झाकियो ने दर्शको का मन मुद्ध कर दिया राम लक्ष्मण सीता हनुमान की झाकी के आगे चल रही वानर सेना ने सभी का मन मोह लिया दूसरी झाकी राधा कृष्ण की मोर नृत्य ने सभी का मन आकृषित किया शोभा यात्रा में हजारो गाँव देहात के लोग मौजूद रहे शोभा यात्रा आदर्श स्कूल से शुरू होकर सरार्फा बाजार पहुंची वही भगवान राम भरत की लीला का मंचन किया गया जैसे ही राम भरत ने एक दूसरे को गले लगाया पूरा बातावरण राम मय हो गया श्रीराम के उदघोष से पूरा पंडाल गूज उठा रामलीला में भरत मिलाप का फीटा काटकर भाजपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख सुग्रीव सिंह चौहान ने उद्घाटन किया इस अवसर अउढ रामप्रवेश गुप्ता थाना प्रभारी सत्यदेव शर्मा थाने के फोर्स सहित मौजूद रहे राम लीला ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष गुडडू तिवारी रामलीला आयोजन समिति के अध्यक्ष श्याम शर्मा बृहमदत्त शर्मा रमेश चन्द्र शर्मा कल्लू पंडित निशू गर्ग हर्षित गर्ग विपिन शर्मा श्याम गुप्ता गणेश विद्यार्थी सतेन्द्र बरुआ राहुल बौहरे शीलू पचौरी सोहित गर्ग संदीप पैगोरिया दीपू वर्मा बौवी वर्मा विक्की यादव राहुल यादव मीडिया प्रभारी उत्तम दुवे आदि रहे।

# असलम सलीमी और नंद किशोर का किया सम्मान



**आगरा एनएनआई।** फोटो पत्रकार असलम सलीमी और क्षेत्र बजाजा और हेल्प आगरा के मीडिया प्रमुख नन्द किशोर को लीडर्स आगरा द्वारा सम्मानित किया। दोनों को अभिनंदन में पट्टीका पहनाई गई। महामंत्री सुनील जैन ने बताया कि फोटो जर्नलिस्ट असलम सलीमी ने जहां एक ओर अपने कैमरे बारीकी नजर रखते हुए अपने समाचार पत्र को एक्सक्लुसिव फोटो देकर अखबार को लोकप्रियता दिलाई। उनकी कई दशकों की सेवा ने शहर के लोगो का दिल जीता है। जॉन मिल्टन स्कूल की प्रिंसिपल स्वीटी चौहान ने उनकी कार्य शैली के स्मरण सुनाये। कलेक्टरेट के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी हरिकांत शर्मा ने असलम सलीमी को मीडिया जगत का पुरोधा बताते हुए कहा, उनके कार्यकाल मे फोटो लेकर अखबार कार्यालय मे ब्लैक & वाइट फोटो निर्मित करना भी एक कौशल का काम था। इस अवसर पर सुनील जैन, राहुल जैन, स्वीटी चौहान, हरिकांत शर्मा, आयुषी गुप्ता, रौबिन जैन और ओम प्रकाश मेडतवाल उपस्थित थे।

# वी पी सिंह नियुक्त हुए चेयरमैन



**आगरा एनएनआई।** फेडरेशन आफ आल इंडिया व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सोबती ने वी पी सिंह,जो लंबे समय तक विद्युत विभाग में उच्च पदों पर रहकर सेवा दे चुके हैं जिन्हें विद्युत नियमावली की विस्तृत एवं गहन जानकारी है।

उनके व्यापारियों के हितों के समर्पित भाव को देखते हुए उन्हें फेम उ.प्र. के विद्युत प्रकोष्ठ का चेयरमैन नियुक्त किया है।

वी पी सिंह विद्युत अभियंता संघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष का दायित्व भी संभाल चुके हैं। वी पी सिंह समूचे उत्तर प्रदेश में विद्युत विभाग में व्यापारियों की दिनोंदिन आ रही समस्याओं को अपने अनुभव से अधिकारी एवं व्यापारी में समन्वय स्थापित कर नियमानुसार समस्या के समाधान में सहायक रहने की अपेक्षा है।

# श्रीकृष्ण कृपा धाम में दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ त्रिदिवसीय शरदोत्सव

एनएनआई

**वृन्दावन।**परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीकृष्ण कृपा धाम में त्रिदिवसीय दिव्य व भव्य शरदोत्सव का शुभारंभ अनेक संतों-विद्वानों ने श्रीराधाकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके एवं पुष्प अर्पित करके किया।तत्पश्चात आयोजित सन्त-विद्वत सम्मेलन में भानुपुरा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ महाराज ने कहा कि शरद पूर्णिमा का चंद्रमा और उसकी उज्ज्वल चंद्रिका सभी को माधुर्य व आनंद की अनुभूति कराती है। शरद पूर्णिमा की दिव्य व भव्य रात्रि के चंद्रमा की चांदनी में अमृत समाहित होकर पृथ्वी पर बरसता है।इसीलिए शरद पूर्णिमा को शीत ऋतु का विशिष्ट पर्व कहा जाता है।

श्रीकृष्ण कृपा धाम के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि शरद पूर्णिमा ग्रीष्म ऋतु से शरद ऋतु में प्रवेश का द्वार है।इसे भक्ति व प्रेम के रस का सागर भी माना गया है।शरद पूर्णिमा कन्हैया की वंशी का प्रेम नाद एवं जीवात्मा व परमात्मा के रास रस के आनंद का केंद्र है।इसीलिए इसे लोक कथाओं से लेकर शास्त्रों तक में शुभ व मंगलकारी बताया गया है।

श्रीपीपाद्वाराचार्य जगद्गुरु बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज एवं जगद्गुरु श्रीमद्विष्णुस्वामी विजयराम देवाचार्य भैयाजी महाराज (वल्लभगढ़ वाले) ने कहा कि शरद पूर्णिमा जितनी पावन व पुनीत किसी




भी ऋतु की कोई रात्रि नहीं है।शरद पूर्णिमा महालक्ष्मी का भी पर्व है।ऐसी मान्यता है कि धन संपति की अधिष्ठात्री महालक्ष्मी शरद पूर्णिमा की रात्रि में पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं।अतः यह लक्ष्मी पूजा का भी पर्व है। सेवा मंगलम् के अध्यक्ष सन्त प्रवर स्वामी गोविंदानंद तीर्थ महाराज एवं आचार्य विवेक मुनि महाराज ने कहा कि शरद पूर्णिमा की महिमा इतनी अधिक है कि इस तिथि को देवराज इंद्र तक ने मां महालक्ष्मी की स्तुति की थी।क्योंकि महालक्ष्मी धन के अतिरिक्त यश,उन्नति,सौभाग्य व सौंदर्य आदि की भी देवी हैं।

उत्तरप्रदेश शासन के पूर्व गृह सचिव मणिप्रसाद मिश्रा व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि शरद पूर्णिमा जीवन को एक नई प्रेरणा देने के साथ-साथ जीवन के उत्थान का आधार और उसे सही दिशा दिखाने का माध्यम भी है।इसीलिए इसका महत्व और अधिक बढ़ जाता है।

सन्त-विद्वत सम्मेलन में महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. आदित्यानन्द गिरि महाराज, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र, महामंडलेश्वर स्वामी नवल गिरि महाराज, गोरे दाउजी आश्रम के महंत प्रह्लाद दास महाराज, सन्त सेवानंद ब्रह्मचारी, आचार्य रामविलास चतुर्वेदी, भागवताचार्य श्रीराम मुद्गल महाराज, डॉ. रमेश चंद्राचार्य विधिशास्त्री महाराज, डॉ. राधाकांत शर्मा, वासुदेव शरण, शक्ति स्वरूप ब्रह्मचारी, भजन गायक रतन रसिक, दयानन्द बेनीवाल (हिसार, हरियाणा), अशोक चावला आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# जीएसटी सुधार क्या उम्मीदें पूरी करेंगे!

केंद्र सरकार के आर्थिक सलाहकार मान रहे हैं कि अमेरिका की ओर से टैरिफ बढ़ाने का जवाब जीएसटी 2.0 है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे बचत उत्सव का नाम दिया है। वे हर मंच से इसका प्रचार कर रहे हैं साथ ही लोगों से स्वदेशी खरीदने की अपील कर रहे हैं लेकिन क्या सचमुच ऐसा है? प्रधानमंत्री दावा कर रहे हैं कि जीएसटी में कटौती से लोगों को ढाई लाख करोड़ रुपए का फायदा होगा।क्या सचमुच लोगों को इसका बहुत लाभ मिल रहा है? क्या सचमुच जीएसटी 2.0 से वस्तुओं और सेवाओं के बाजार में बहुत बड़ी तेजी आने वाली है? क्या जीएसटी के दो स्लैब हटाने और रोजमर्रा की वस्तुओं पर लगने वाला टैक्स कम करने या समाप्त करने से लोगों के हाथ में जो पैसे बचेंगे उसे वे बाजार में खर्च करेंगे और इससे विकास की गति बढ़ेगी?क्या यह ढाई लाख करोड़ रुपया खर्च होकर बाजार में तेजी लाएगा? यह सवाल इसलिए है क्योंकि भारत के आम घरों का बचत ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर है। कई जानकार यह भी कह रहे हैं कि लोग खर्च करने की बजाय पैसा बचाएंगे। जीएसटी का नया दौर शुरू होने के बाद पहले कुछ दिनों में तो खरीदारी में तेजी दिख रही है। लेकिन उसका बाजार पर क्या असर होता है यह दो या तीन तिमाही के बाद पता चलेगा। अभी तो ऐसा लग रहा है कि 15 अगस्त को प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद लोगों ने जो खरीदारी रोक दी थी वह लोग जीएसटी छूट के बाद खरीदारी कर रहे हैं। वैसे भी त्योहारों में खरीदारी ज्यादा होती है।करीब सवा महीने के विराम के बाद खरीदार बाजार में लौटे हैं इसलिए अभी तेजी दिख रही है। बचत उत्सव के बीच पिछली तिमाही के औद्योगिक उत्पादन यानी आईआईपी के विकास दर का चार फीसदी का आंकड़ा आया है, जो पहले से कम है। इसमें कितनी बढ़ोतरी होती है उससे अंदाजा लगेगा कि मांग कितनी बढ़ी है। इसके अलावा त्योहारों का सीजन खत्म होने के बाद बाजार में कितनी मांग बनी रहती है, इस पर भी बहुत कुछ निर्भर करेगा। जीएसटी का नया संस्करण लागू होने के बाद कराए गए एक सर्वेक्षण के मुताबिक बड़ी संख्या में लोगों का कहना है कि उन्हें जीएसटी कटौती का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। उनका कहना है कि दुकानदार ज्यादातर उत्पादों पर पुरानी कीमत वसूल रहे हैं।सर्वे से एक खास बात यह भी उभर कर आई है कि ई कॉमर्स कंपनियां ग्राहकों को लाभ नहीं दे रही हैं और पुरानी कीमत पर ही अपने उत्पाद बेच रही हैं। गौरतलब है कि महानगरों और दूसरी व तीसरी श्रेणी के शहरों में लोग ई कॉमर्स कंपनियों जैसे ब्लिंकिट, अमेजन, बिग बास्केट आदि पर निर्भर हो गए हैं। ये कंपनियां ग्राहकों को पूरा लाभ नहीं दे रही हैं। तभी सबसे ज्यादा शिकायतें इनके खिलाफ दर्ज कराई गई हैं।हालांकि यह इकलौती समस्या नहीं है। एक समस्या यह भी है कि टैक्स कटौती की घोषणा किए जाने के बाद कंपनियों ने अपने उत्पादों की कीमत में बदलाव कर दिया। उन्होंने जीएसटी 2.0 लागू होने से पहले ही उत्पादों की कीमत बढ़ा दी, जिससे टैक्स कटौती के बाद भी ग्राहकों को पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। खाने पीने की चीजों में यह समस्या ज्यादा दिख रही है। बताया जा रहा है कि दूध से लेकर मक्खन की टिकिया और ड्राई फ्रूट्स तक कई उत्पाद हैं, जिन पर टैक्स कटौती से पहले 10 फीसदी दाम बढ़ा दिए गए। बड़ी कंपनियों ने भले यह काम नहीं किया लेकिन बड़ी कंपनियों के ब्रांडेड उत्पादों के मुकाबले छोटी कंपनियों का बाजार ज्यादा बड़ा है। उन्होंने 10 फीसदी दाम बढ़ा दिए और बाद में जब खाने पीने की चीजों पर टैक्स 12 से घटा कर पांच फीसदी किया गया तो अपनी कीमत में सात फीसदी कटौती कर दी। इस तरह कंपनियां पहले के मुकाबले तीन फीसदी ज्यादा दाम पर उत्पाद बेच रही हैं।एक समस्या तैयार सामान पर टैक्स कम करने और वह सामान तैयार करने में इस्तेमाल होने वाले कच्चे उत्पाद पर टैक्स बढ़ा देने की वजह से खड़ी हो रही है। ऐसा कई उत्पादों के मामले में हो रहा है। कपड़ा इस तरह का एक उत्पाद है। कपड़ा बनाने के लिए जिस धागे या यार्न का इस्तेमाल होता है उस पर सरकार ने टैक्स 12 फीसदी से घटा कर पांच फीसदी कर दिया लेकिन धागा तैयार करने में इस्तेमाल होने वाले उत्पादों पर टैक्स 12 से बढ़ा कर 18 फीसदी कर दिया। तभी कंपनियों के सामने कीमत कम करने में समस्या आ रही है। ऐसा ही एक मामला नोटबुक यानी कॉपियों का है। सरकार ने नोटबुक पर टैक्स घटा कर शून्य कर दिया लेकिन उसे तैयार करने में इस्तेमाल होने वाले कागज पर टैक्स बढ़ा कर 12 से 18 फीसदी कर दिया। नोटबुक पर जीरो टैक्स का मतलब है कि निर्माताओं को इनपुट टैक्स क्रेडिट नहीं मिलेगा। दूसरी ओर उनको कागज पर ज्यादा टैक्स देना होगा। तभी नोटबुक सस्ती होने की बजाय महंगी हो जाएगी।इसी तरह दवाओं पर सरकार ने टैक्स कम कर दिया है कि लेकिन एपीआई यानी दवा निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल पर टैक्स 12 से बढ़ा कर 18 फीसदी कर दिया है। इसका असर दवाओं की कीमत पर दिखेगा। ऐसे ही सरकार ने जॉब वर्क पर टैक्स 12 से बढ़ा कर 18 फीसदी कर दिया है। इसका मतलब है कि अगर कोई छोटी कंपनी अपना कच्चा माल बड़ी फैक्टरी में देकर सामान तैयार कराती है तो उसे ज्यादा टैक्स देना पड़ेगा। इसका असर तैयार उत्पादों की कीमत पर पड़ेगा। जीएसटी 2.0 में सरकार ने माल ढुलाई पर टैक्स 12 से बढ़ा कर 18 फीसदी कर दिया है। चूंकि ट्रांसपोर्टेशन हर उत्पाद से जुड़ा हुआ है इसलिए इस बढ़ोतरी का असर रोजमर्रा की जरुरत की हर चीज की कीमत पर पड़ेगा। कच्चे माल की ढुलाई से लेकर फैक्टरी में तैयार माल के थोक विक्रेता तक पहुंचने और थोक विक्रेता के गोदाम से निकल कर खुदरा व्यापारी तक माल पहुंचने का खर्च बढ़ जाएगा। इसका असर भी कीमत पर पड़ेगा। आगे जब आंकड़े आएंगे तब पता चलेगा कि इसका असल में कितना असर हुआ।



# त्वचा पर नीले रंग के दाग

## ऐसा है तो इग्नोर न करें तुरंत लें डॉक्टर की सलाह

**त्वचा के रंग में बदलाव जैसे इसके नीला या बैंगनी दिखने को आमतौर पर लोग मामूली चोट मानकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन शोध बताते हैं कि बार-बार या बिना वजह ऐसे निशान आना, किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकता है।**



आहार, दिनचर्या में गड़बड़ी और स्क्रीन टाइम-रसायनों का बढ़ता संपर्क इंसानी सेहत के लिए दिक्कतें बढ़ाता जा रहा है। आलम ये है कि कई प्रकार की क्रॉनिक बीमारियां जो पहले सिर्फ बुजुर्गों में देखी जाती थीं, वह 30 से कम उम्र के लोगों को भी परेशान कर रही हैं। ज्यादा चीनी और फैटी डाइट, नींद की कमी और तनाव ने क्रॉनिक बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ा दिया है।

भारत में स्थिति और भी गंभीर है, यहां हर दूसरा शहरी व्यक्ति किसी न किसी लाइफस्टाइल संबंधी समस्या का शिकार है। इन बीमारियों का शुरूआती लक्षणों को अनदेखा करना भारी पड़ सकता है।

हमारा शरीर स्वयं संकेत देता है कि अंदर सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। यही कारण है कि आंखों, त्वचा में दिखने वाले असामान्य लक्षणों को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। शरीर के भीतर छिपी कई समस्याओं का संकेत सबसे पहले त्वचा पर दिख सकता है। त्वचा के रंग, बनावट और दाग-धब्बों से पता चल सकता है कि कहीं कोई बीमारी तो नहीं पनप रही है?

**क्या आपकी त्वचा पर भी नीले या बैंगनी निशान दिख रहे हैं। अगर हां तो तुरंत सावधान हो जाइए।**

**त्वचा के रंग में बदलाव का कारण**

त्वचा के रंग में बदलाव जैसे इसके नीला या बैंगनी दिखने को आमतौर पर लोग मामूली चोट मानकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन शोध बताते हैं कि बार-बार या बिना वजह ऐसे निशान आना, किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकता है।

नीले या बैंगनी निशान को मेडिकल भाषा में ब्रूज कहा जाता है। ये तब बनते हैं जब त्वचा के नीचे की छोटी रक्त वाहिकाएं फट जाती हैं और खून बाहर आकर जमा हो जाता है। सामान्य तौर पर ये चोट लगने के कारण होते हैं, लेकिन अगर बिना चोट के ऐसे निशान बनने लगें तो यह खतरे का संकेत है।

**पोषक तत्वों की कमी का लक्षण**

शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने से भी त्वचा पर नीले या बैंगनी रंग के छोटे-छोटे निशान नजर आ सकते हैं।

शरीर में बिना किसी वजह नीले निशान पड़ना विटामिन-सी की कमी का कारण हो सकता है। विटामिन-सी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और घाव भरने में भी मदद करता है। ऐसे में अगर इसकी कमी हो जाए तो त्वचा पर नीले निशान पड़ जाते हैं।

इसी तरह शरीर की रक्त कोशिकाओं को स्वस्थ रखने के लिए आयरन की जरूरत होती है। अगर रक्त कोशिकाएं स्वस्थ नहीं हैं तो शरीर को जरूरी ऑक्सीजन नहीं मिल पाएगी। इससे भी त्वचा पर नीले निशान पड़ने की आशंका बढ़ जाती है।

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ?**

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रदीप कुमार शैल कहते हैं, त्वचा पर अगर बिना चोट के किसी तरह का परिवर्तन, जैसे नीले निशान दिख रहे हैं तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें। ये अगर आयरन की कमी के कारण है तो आयरन की पूर्ति के लिए पालक दाछोले, राजमा, खजूर किशमिश तिल और टोका सेवन करें। केला, ब्रोकली कवी पनीर सोयाबीन भी लाभ पहुंचाते हैं। कुछ गंभीर स्थितियों में भी त्वचा में परिवर्तन दिखने लगते हैं, जिसका समय पर सही इलाज कराना जरूरी है।


**गंभीर समस्याओं का संकेत हो सकते हैं नीले निशान**

त्वचा में दिखने वाले इस तरह के परिवर्तन कई बार लिवर की समस्याओं का संकेत हो सकते हैं, जिसमें खून जमाने वाले प्रोटीन अधिक बनने लगता है। जब लिवर ठीक से काम नहीं करता तो हल्की चोट पर भी आसानी से नीले निशान बन जाते हैं। हीमोफीलिया या प्लेटलेट्स की कमी (थ्रॉम्बोसाइटोपीनिया) जैसी समस्याओं में खून जम नहीं पाता और शरीर पर बार-बार नीले निशान दिखने लगते हैं।

कुछ लोग जो खून पतला करने वाली दवाएं या स्टेरॉयड्स लेते हैं उनमें भी त्वचा पर नीले रंग के दाग नजर आ सकते हैं। नीले निशान अगर बार-बार बन रहे हों या लंबे समय तक ठीक न हों तो इन्हें हल्के में नहीं लेना चाहिए। सही जांच और विशेषज्ञ की सलाह आपको गंभीर खतरे से बचा सकती है।



# हजार करोड़ की फिल्म का हिस्सा होना मायने नहीं रखता-सोनू सूद



**सोनू सूद अपने अभिनय से ज्यादा अपने सामाजिक कार्यों को लेकर चर्चाओं में रहते हैं। अब अभिनेता ने बताया कि आखिर कब आप असल मायने में असली हीरो कहला सकते हैं?**

अभिनेता सोनू सूद तेलंगाना के हैदराबाद पहुंचे। जहां अभिनेता ने अपने काम और करियर को लेकर बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सिर्फ एक हजार करोड़ कमाने वाली फिल्म का हिस्सा होने पर ही आप असली हीरो नहीं हैं। अगर आप किसी की जान बचा रहे हैं, तो भी आप असली हीरो हैं।

### किसी अनजान चेहरे पर मुस्कान लाना है असली सफलता

सोनू सूद ने मीडिया से बात करते हुए करियर और अपने काम को लेकर बात की। इस दौरान एक्टर ने कहा कि करियर के लिहाज से आप जो भी कमाते हैं, समाज को वापस देना बहुत महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि जब आप किसी अनजान चेहरे पर मुस्कान लाते हैं, तो असली सफलता यही होती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप 1000 करोड़ रुपये की फिल्म का हिस्सा हैं या कुछ और कर रहे हैं। अगर आप किसी की जिंदगी बदल सकते हैं, किसी की जान बचा सकते हैं, तो आप एक सच्चे हीरो हैं।

### सामाजिक कार्यों में लगे रहते हैं सोनू

सोनू सूद अक्सर सामाजिक कार्यों में लगे रहते हैं। कोविड के दौरान उन्होंने कई लोगों की मदद की थी। इस दौरान उनके एनजीओ ने कई लोगों को उनके घर पहुंचाने में भी सहयोग किया था। इसके अलावा हाल ही में जब पंजाब में बाढ़ आई थी, तब भी सोनू सूद पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए थे। इसके अलावा भी अगर कोई उन्हें अपनी समस्या बताता है, तो वो उसकी मदद का प्रयास करते हैं।

### किसानों पर एक फिल्म बना रहे हैं सोनू

वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनू सूद आखिरी बार इसी साल आई फिल्म फतेह में नजर आए थे। इस फिल्म का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था। अब सोनू किसानों पर एक फिल्म बना रहे हैं। इसको लेकर उन्होंने कुछ दिन पहले जानकारी दी थी।

# निर्देशक ने ट्विंकल से मंदाकिनी जैसा सीन देने को कहा था



अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना इन दिनों अपने टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस टॉक शो में काजोल ट्विंकल के साथ होस्ट के तौर पर नजर आ रही हैं। शो के लेटेस्ट एपिसोड में वरुण धवन और आलिया भट्ट अतिथि के तौर पर नजर आये। इस दौरान ट्विंकल-काजोल ने वरुण-आलिया के साथ काफी मस्ती की और सभी ने अपने-अपने किस्से भी साझा किये। इसी दौरान ट्विंकल खन्ना ने भी एक किस्सा बताया, जब एक निर्देशक ने उन्हें मंदाकिनी जैसा सीन करने के लिए कहा था तो ट्विंकल ने निर्देशक को दिया था क्या जवाब? शो के दौरान ट्विंकल-काजोल ने आलिया-वरुण से मेकर्स की किसी अजीबोगरीब डिमांड या घटना के बारे में पूछा। इस पर वरुण-आलिया के अलावा ट्विंकल ने खुद भी एक किस्सा साझा किया है। इस दौरान ट्विंकल ने बताया कि एक बार एक निर्देशक ने उन्हें फिल्म 'राम तेरी गंगा मैली' में मंदाकिनी के पॉपुलर सीन जैसा सीन देने को कहा था। ट्विंकल ने बताया कि इस पर उन्होंने निर्देशक को जवाब दिया कि 'तुम राज कपूर नहीं हो।' ट्विंकल के इस किस्से को साझा करने के बाद शो पर वरुण-आलिया समेत सभी लोग ठहाके मारकर हंसने लगे। दरअसल, साल 1985 में आई राजकपूर द्वारा निर्देशित फिल्म 'राम तेरी गंगा मैली' में मंदाकिनी का एक सीन काफी मशहूर हुआ था। इस सीन में मंदाकिनी झरने के नीचे भीगती हैं, इस दौरान वो सफेद रंग की एक ट्रांसपैरेंट साड़ी पहने होती हैं। मंदाकिनी का यह सीन काफी विवादों में भी रहा था, लेकिन इस सीन ने फिल्म के हिट होने में भी काफी बड़ी भूमिका निभाई थी। इसके अलावा भी फिल्म में मंदाकिनी के कई बोल्ड सीन थे। 'राम तेरी गंगा मैली' में मंदाकिनी के साथ राजीव कपूर, दिव्या राणा, रजा मुराद और कुलभूषण खरबंदा भी प्रमुख भूमिका में नजर आए थे।

# हमारा दुःख कोई नहीं सुनना चाहता-जान्हवी कपूर



**जान्हवी कपूर ने अपने करियर में कई फिल्में की हैं। कम समय में ही एक्ट्रेस की पूछ बढ़ गयी है और अब वे हर दूसरी-तीसरी बड़ी फिल्म में नजर आ रही हैं। इस साल ही उनकी 3 फिल्में रिलीज हो चुकी हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने करियर और स्ट्रगल्स पर बात की।**

बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर अपने समय की मशहूर एक्ट्रेस श्रीदेवी की बेटी हैं। मां की तरह वे भी फिल्मों में हाथ आजमा रही हैं और उन्हें अच्छी शुरुआत भी मिल गई है। एक्ट्रेस को स्टारकिड होने की वजह से कई दफा ट्रोल्स का शिकार भी बनना पड़ जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के प्रमोशन के दौरान कई सारे मुद्दों पर बातें की। उन्होंने बताया कि कैसे स्टार किड होने की वजह से उनके स्ट्रगल्स को कोई समझता नहीं है और उन्हें अलग दृष्टि से देखा जाता है। एक्ट्रेस ने मायूसी जताई और कहा कि उनका दुख कोई सुनना नहीं चाहता क्योंकि लोगों को लगता है कि एक्ट्रेस प्रिवलेज्ड हैं। इंटरव्यू में बातचीत के दौरान जान्हवी कपूर से उनके करियर के अब तक के स्ट्रगल्स के बारे में पूछा गया। इसका जवाब देते हुए एक्ट्रेस ने कहा- कोई इंटरेस्टेड नहीं है सुनने के लिए। क्योंकि हम प्रिवलेज्ड बैकग्राउंड से हैं तो कोई सुनना थोड़े ना चाहता है। लेकिन ये बिल्कुल भी ठीक बात नहीं है। लेकिन मुझे ये भी लगता है कि हमें इतनी कम्प्लेन भी नहीं करनी चाहिए। क्योंकि हमें जो भी मिला है उसके हम बहुत आभारी हैं। अगर हम यहां बैठकर बोलेंगे कि नहीं हमारे लिए बहुत मुश्किल है, जबकी मुश्किल तो सबके लिए होता है।

### इनसाइडर-आउटसाइडर की जंग पसंद नहीं

जान्हवी कपूर ने आगे कहा- मुझे पर्सनली ये आउटसाइडर-इनसाइडर के बीच का डिविजन अच्छा नहीं लगता है। हालांकि आउटसाइडर्स का जो स्ट्रगल होती है वो बहुत अलग होता है। उसे हम नहीं समझ सकते हैं। ऐसे में हमारा ये कम्प्लेन करना कि हम बहुत चीजों से गुजरे हैं ज्यादा फर्क नहीं पैदा करता है और कोई सुनना भी नहीं चाहता है।

### कैसी है सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की कमाई?

सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी फिल्म की बात करें तो इस फिल्म में जान्हवी कपूर के अपोजिट वरुण धवन नजर आए हैं। इसके अलावा फिल्म में सान्या मल्होत्रा और रोहित शराफ जैसे कलाकार भी हैं। फिल्म में अक्षय ओबेरॉय और मनीष पॉल ने भी एक्टिंग की है। इसका निर्देशन शशांक खैतान ने किया है। फिल्म को जनता से मिश्रित रिस्पॉन्स मिल रहा है। हालांकि इसकी कमाई पहले दिन तो ठीक रही थी।

**बदलाव** अब वनडे की भी कमान संभालेंगे गिल, रोहित की जगह बने कप्तान; कोहली टीम में शामिल

# 'आपने सिखाया-डरकर नहीं, दबदबे के साथ खेलो'

## कप्तानी से हटाए गए रोहित तो भावुक हुए दिनेश कार्तिक



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट में शनिवार को एक अहम मोड़ आया। चयनकर्ताओं ने रोहित शर्मा को वनडे टीम की कप्तानी से हटाकर युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को कमान सौंप दी। यह फैसला आने वाले 2027 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखकर लिया गया, लेकिन इस बदलाव ने करोड़ों भारतीय फैंस के दिलों में हलचल मचा दी। इन्हीं भावनाओं को सबसे गहराई से महसूस किया रोहित के पुराने साथी दिनेश कार्तिक ने, जिन्होंने इंस्टाग्राम पर कप्तान रोहित के लिए दिल छू लेने वाली बात कही।

### 'आपने सिखाया बड़े मौके कैसे जीते जाते हैं'

आरसीबी (RCB) के मौजूदा बल्लेबाजी कोच और भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने रोहित की कप्तानी की जमकर तारीफ की। उन्होंने वीडियो में कहा, 'रोहित शर्मा, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आप एक अद्भुत कप्तान रहे, रणनीतिक रूप से बहुत समझदार, लेकिन सबसे ज्यादा अपने स्वभाव से सबको जोड़ने वाले। आपने टीम के हर खिलाड़ी को सहज महसूस कराया।' कार्तिक ने आगे कहा, 'मेरे लिए आपकी सबसे बड़ी विरासत यही है कि आपने इस टीम को सिखाया कि बड़े मैचों में, बड़े मौकों पर कैसे जीत दर्ज करनी है। पहले हम कई बार दबाव में पीछे हट जाते थे, लेकिन आपने कहा- हमें आगे बढ़ना है, विरोधी पर दबाव बनाना है, जोखिम लेना है। और यह बातें आपने सिर्फ कही

### रोहित की कप्तानी में भारत की सुनहरी कहानी

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने पिछले तीन वर्षों में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाने लायक उपलब्धियां हासिल कीं। उनकी अगुवाई में भारत ने 2024 में टी20 वर्ल्ड कप और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की। इसके अलावा 2023 वनडे वर्ल्ड कप में टीम ने फाइनल तक शानदार अपराजित सफर तय किया, जहां बस एक मैच की दूरी रह गई थी ट्रॉफी से। भारत ने इन तीनों बैक टू बैक आईसीसी टूर्नामेंट्स में सिर्फ एक मैच गंवाया और वह रहा 2023 वनडे विश्व कप का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल। आंकड़ों की बात करें तो रोहित ने 56 वनडे मैचों में से 42 में जीत हासिल की। यानी लगभग 76 प्रतिशत का जीत प्रतिशत, जो भारतीय क्रिकेट के इतिहास में सबसे बेहतरीन में गिना जाता है।

### 'टीम को बेहतर स्थिति में छोड़ा'

दिनेश कार्तिक ने आगे लिखा, '2024 टी20 वर्ल्ड कप अभियान अपराजित, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अपराजित, 2023 में बस एक फाइनल चूके। यह अपने आप में अविश्वसनीय है। आपने टीम को सिखाया और अब इसका परिणाम देखिए। इसके बाद एशिया कप में युवा टीम ने बिना कोई मैच हारे टूर्नामेंट जीता। यही आपकी पहचान है। आपके आने से पहले टीम जिस स्थिति में थी, आपने टीम इंडिया को उससे बेहतर स्थिति में छोड़ा है। यही एक सच्चे लीडर की पहचान होती है।' कार्तिक ने रोहित के नेतृत्व को सिर्फ आंकड़ों से नहीं, बल्कि उनकी सोच और आत्मविश्वास से मापा।

### नई राह, नई जिम्मेदारी- गिल के कंधों पर भविष्य

अब बारी युवा शुभमन गिल की है, जिन्हें वनडे कप्तान बनाकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने भविष्य की रूपरेखा तय कर दी है। हालांकि, रोहित शर्मा और विराट कोहली आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम में तो हैं, लेकिन मुख्य चयनकर्ता अगरकर ने भी यह भी कहा है कि दोनों 2027 विश्व कप खेलने को लेकर प्रतिबद्ध नहीं हैं। ऐसे में फैंस यह भी कयास लगा रहे हैं कि हो सकता है दोनों दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में संन्यास का एलान कर दें।

### विराट की वापसी, श्रेयस का प्रमोशन

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए जो टीम चुनी गई है उसमें कोहली को भी शामिल किया गया है। कोहली मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद पहली बार भारत के लिए खेलते दिखेंगे। रोहित और कोहली के फैंस उन्हें एक बार फिर भारतीय जर्सी में देखने के लिए उत्साहित होंगे। वहीं, श्रेयस अय्यर का प्रमोशन हुआ है और उन्हें वनडे टीम का उपकप्तान बनाया गया है। श्रेयस वनडे टीम के अहम खिलाड़ी हैं और अब वह लीडरशीप की भूमिका में भी नजर आएंगे।

### हार्दिक-पंत और बुमराह को जगह नहीं

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए हार्दिक पांड्या, ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह को टीम में जगह नहीं मिली है। हार्दिक एशिया कप फाइनल से पहले चोटिल हो गए थे जिस कारण उन्हें वनडे और टी20 दोनों टीम में शामिल नहीं किया गया है। हार्दिक की फिटनेस पर अगरकर ने अपडेट देते हुए बताया कि हार्दिक पूरी तरह फिट नहीं हैं जिस कारण उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में नहीं चुना गया है। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान चोटिल हुए ऋषभ पंत भी फिटनेस के कारण इस दौरे के लिए जगह नहीं बना पाए हैं।

# भारत ने वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट में चटाई धूल



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज की टीम को पारी और 140 रनों से हरा दिया। इस मैच में वेस्टइंडीज के बल्लेबाज बुरी तरह से फ्लॉप रहे हैं। मैच जीतने के साथ ही भारतीय टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

भारतीय टीम की तरफ से रवींद्र जडेजा, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल ने दमदार शतक लगाए हैं। वहीं मोहम्मद सिराज ने कमाल की गेंदबाजी की है। ये चारों प्लेयर्स भारतीय टीम के लिए जीत में सबसे बड़े हीरो साबित हुए हैं। वेस्टइंडीज के लिए पहली पारी में बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। टीम की शुरूआत ही खराब रही, जब तेगनारायण चंद्रपॉल बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। विंडीज के लिए जस्टिन ग्रीव्स ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। उनकी वजह से ही टीम 100 रनों के पार पहुंचने में सफल रही। उनके अलावा कोई भी प्लेयर टिक कर बैटिंग नहीं कर पाया। मोहम्मद सिराज की गेंदबाजी के आगे विंडीज के बल्लेबाज रन बनाने के लिए तरसते रहे। सिराज ने सबसे ज्यादा चार विकेट अपने नाम किए। वहीं जसप्रीत बुमराह ने अपनी बेहतरीन यॉर्कर गेंदों में तीन विकेट हासिल किए। कुलदीप यादव ने दो विकेट चटकाए।

### तीन भारतीय बल्लेबाजों ने लगाए शतक

इसके बाद भारत की तरफ से बल्लेबाजों ने धमाकेदार प्रदर्शन किया और वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। भारतीय टीम के लिए ओपनर केएल राहुल (100 रन), ध्रुव जुरेल (125 रन) और रवींद्र जडेजा (104 रन) ने शतक लगाए। शुभमन गिल ने 50 रन बनाए। वहीं यशस्वी जायसवाल भी अच्छे टच में नजर आ रहे थे, लेकिन वह अपनी पारी को लंबा नहीं खींच सके। उन्होंने 36 रन बनाए। इन प्लेयर्स की वजह से ही भारतीय टीम पहली पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 448 रन बना सकी। वेस्टइंडीज के लिए रोस्टन चेज ने दो विकेट हासिल किए।

## रविवार, 05 अक्टूबर राशिफल

मेष राशि के जातकों को आज अधिक परिश्रम करनी पड़ सकती है। आज के दिन आपको अजनबी लोगों का सहयोग भी मिलेगा, जिससे रुके हुए कार्य में सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अचानक कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

वृष राशि वालों का आज का दिन परेशान करने वाला रहेगा। जल्दबाजी से किए गए कार्य बिगड़ सकते हैं। इसलिए संयम बनाए रखना आपके लिए बेहतर होगा। आर्थिक मामलों में कुछ दबाव महसूस हो सकता है। किसी प्रकार की पारिवारिक संकोच निर्णय लेने में दबाव डाल सकती है।

पारिवारिक मामलों में मिथुन राशि के जातकों को कुछ असमानता उभर सकती हैं। इससे आपको कुछ मानसिक अस्थिरता महसूस हो सकती है। आज आपके समाज में मान-सम्मान बढ़ सकती है। इसके साथ ही अप्रत्याशित लाभ की संभावना बनती दिख रही है।

कर्क राशि के जातकों के लिए रविवार का दिन कुछ मिश्रित परिणाम देने वाला रहेगा। आज आपके द्वारा की गई मेहनत का फल थोड़ी देर से मिलेगा। आज आपको किसी आवश्यक कार्य के लिए दूर यात्रा करनी पड़ सकती है। इससे थकान महसूस होगी।

रविवार का दिन सिंह राशि के जातकों के लिए अनुकूल रहने वाला है। आज आपके आपके सभी कार्य सहजता से पूरे होते नजर आएंगे। कार्यक्षेत्र में अच्छे अवसर मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार और व्यवसाय से संबंधित नए अनुभव प्राप्त होंगे।

कन्या राशि वालों का आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। परिवार में शुभ कार्यों का वातावरण बनेगा और किसी समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। स्वास्थ्य में सुधार होता दिख रहा है। इसके लिए बेहतर होगा की आप अच्छा भजन करें।

तुला राशि वालों के कार्यक्षेत्र में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। इस दौरान एक के बाद एक कई समस्याओं का समाधान होता चला जाएगा। हालांकि, पेट या आंख से संबंधित समस्या परेशान कर सकती है। इससे कार्यक्षेत्र में थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

वृश्चिक राशि के जातकों के दांपत्य जीवन में सामंजस्य बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में जटिल कार्यों का समाधान आसानी से निकल जाएगा। मानसिक उलझनों के कारण सिरदर्द या तनाव महसूस हो सकता है। संतान से जुड़ी कोई चिंता परेशान कर सकती है। दिन के अंत में स्थिति आपके लिए बेहतर होती जाएगी।

धनु राशि वालों को आज वाहन या आवास से जुड़ी कुछ समस्याएं देखने को मिल सकती हैं। किसी शुभ समाचार के मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। आज के दिन आपको अपने मित्रों और सहयोगियों का पूरा सहयोग मिलेगा। आर्थिक रूप से दिन आपके अनुकूल रहेगा।

मकर वालों को आज अपने मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी चल-अचल संपत्ति से संबंधित पारिवारिक विवाद सुलझ सकता है। पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ने से व्यस्तता बनी रहेगी। सोच-समझकर किए गए कार्य में आपको सफलता प्राप्त होगी।

आर्थिक लिहाज से कुंभ राशि के लोगों का दिन सामान्य रहने वाला है। आज व्यर्थ के तर्क-वितर्क से समय व धन दोनों की हानि हो सकती है। इसलिए जरूरी है की आप अपने विवेक से काम लें। आपके नियोजित कार्यक्रम सफल होंगे और आर्थिक लाभ मिलेगा।

मीन राशि के जातकों के लिए यह लाभ कमाने का अवसर है। अपनी सूझबूझ और व्यवहार के बल पर आप मनचाही सफलता प्राप्त कर सकते हैं। आज के दिन आपको जटिल परिस्थितियों से राहत मिलेगी। विरोधी भी आपके सामने आज टिक नहीं पाएंगे।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# आवास विकास परिषद ने करोड़ों की भूमि कराई अतिक्रमण मुक्त

**सेक्टर 13 सिकंदरा में 105 करोड़ से अधिक की भूमि पर था अवैध कब्जा**

एनएनआई



**आगरा।** आवास विकास परिषद द्वारा सेक्टर-13 स्थित सिकंदरा-बोदला पुल के समीप अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की गई। अधीक्षण अभियंता अतुल कुमार के आदेश पर अधिशासी अभियंता अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने यह अभियान चलाया। प्रवर्तन दल अधिकारी कर्नल जीएम खान ने बताया कि परिषद की लगभग 5,500 वर्गमीटर भूमि पर 50 से अधिक झुग्गी-झोपड़ियां और कुछ खोखे अवैध रूप से बने हुए थे। कब्जाधारियों को पूर्व में कई बार नोटिस और मौखिक चेतावनी दी गई, लेकिन भूमि खाली नहीं की गई। कार्रवाई के दौरान विरोध के बावजूद अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि एक वर्ष से अधिक समय से उन्हें भूमि खाली करने का मौका दिया गया। अब और नहीं दिया जाएगा। इसके बाद लोगों ने अपना सामान हटा लिया और जेसीबी मशीनों से अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए गए। इस दौरान कार वर्कशॉप और स्कूटर-मोटरसाइकिल मैकेनिकों के खोखे भी हटाए गए। वहीं, भूमि के एक हिस्से पर चल रहे मार्बल-स्टोन व्यवसाय को परिषद ने एक सप्ताह पहले नोटिस जारी किया था, जिसकी अवधि 8 अक्तूबर को समाप्त हो रही है। समय सीमा समाप्त होने पर उस हिस्से को भी खाली कराया जाएगा। अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि की कीमत 105 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। इस दौरान अधिशासी अभियंता अनिल कुमार, प्रवर्तन दल अधिकारी कर्नल जीएम खान सहायक अभियंतायोगेश कुमार, अवर अभियंता प्रशांत के अलावा परिषद के कर्मचारी शामिल रहे।

# विश्वविद्यालय ने मिशन शक्ति के महिलाओं को जागरुक

**गांव खासपुर में चलाया जागरुकता अभियान**

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान संस्थान द्वारा शनिवार को मिशन शक्ति 5.0 के तहत खासपुर गांव में चलाए अभियान में महिलाओं को जागरुक किया गया। कुलपति प्रो. आशु रानी के निर्देशन में संस्थान की निर्देशिका डॉ. अचला गक्खड़ के नेतृत्व में चलाए गए अभियान ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक किया गया। इस दौरान डॉ. अनुपमा गुप्ता, सफलता यादव एवं रजनी कुमारी ने महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, उज्वला सैनिटरी नैपकिन पहल, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट, महिला ई-हाट, फ्री सिलाई मशीन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, महिला रोजगार योजना, मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना और बाल सेवा योजना जैसी योजनाओं की जानकादी दी गई। विमला देवी, शकुंतला देवी, पूनम, करीना देवी और अंजुला ने बताया कि वे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभ से परिचित हैं और प्रसव के समय उन्हें 5000 की सहायता राशि प्राप्त हुई। कुछ महिलाओं ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में प्रसव कराने पर उन्हें 1400 की अतिरिक्त राशि भी मिली है। वहीं कुछ महिलाएं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और फ्री सिलाई मशीन योजना से भी लाभान्वित हुई हैं। इस मौके पर संस्थान की टीम ने ग्रामीण महिलाओं से अपील की कि वे इन योजनाओं की जानकारी अन्य महिलाओं तक भी पहुंचाएं। ताकि हर महिला सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सके।

# मेधावी बच्चों व समाजसेवी संस्थाओ को किया सम्मानित

- विद्या स्वरूप फाउंडेशन ने नारी एक अभिव्यक्ति थीम पर मनाया स्थापना दिवस
- महिला अधिकारों के प्रति जागरूक करने को प्रस्तुत किया नाटक

आगरा (एनएनआई)। विद्या स्वरूप फाउंडेशन का स्थापना दिवस समारोह कमला नगर स्थित सिंधु भवन में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संगीता अग्रवाल द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। अध्यक्ष विकास अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष समारोह की थीम नारी एक अभिव्यक्ति रखी गई, जिसके अंतर्गत काव्य पाठ, सम्मान समारोह और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आरना, मोनिक, युवांश, सोनी, मुस्कान, सुहानी, रिफा और निदाश को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सचिव मोनिका अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष का विद्या सागर रत्न सम्मान पूर्व आईजी आईपीएस वी.के. अग्रवाल को प्रदान किया गया। इसके अलावा वुमेन इंटरप्रेन्योर अवार्ड सोनल बंसल को मिला, जबकि सोशल एक्टिविस्ट अवार्ड भारत विकास परिषद अन्नपूर्णा, लायंस क्लब सुप्रीम, इको फ्रेंड्स वेलफेयर सोसाइटी, वंदेभारत राष्ट्रवादी संगठन, विश्व सनातन ट्रस्ट और श्री हरि सत्संग समिति को दिया गया। कोषाध्यक्ष शिवानी अग्रवाल ने बताया कि संस्था से सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं युवतियों ने महिला अधिकारों के लिए नाटक प्रस्तुत कर जागरूकता किया। संस्था द्वारा सिलाई सीख रही महिलाओं के रोजगार के लिए व्यान कार्यक्रम के पोस्टर का अनावरण किया। कार्यक्रम में संजय गुप्ता ने बच्चों की शिक्षा के लिए एलईडी टीवी भेंट किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों के समूह ने कान्हा सो जरा और लुंगी डांस पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर ट्रस्टी सीमा अग्रवाल, मार्गदर्शक आनंद अग्रवाल, जिला समन्वयक शशि गोयल, साक्षी गर्ग, सुरभि अग्रवाल, सुप्रिया खंडेलवाल, संगीता गुप्ता, निधि अग्रवाल, अलका अग्रवाल, सीए शिवम अग्रवाल, लक्की अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




# एआई टूल्स से तेजी से होता है डेटा का विश्लेषण

- टैक्सेशन ऑडिट्स विथ एआई और जीएसटी 2.0 विषय पर हुआ सेमिनार

एनएनआई




**आगरा।** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की आगरा शाखा द्वारा टैक्सेशन ऑडिट्स विथ एआई विषय पर एक दिवसीय सेमिनार होटल क्लार्क शिराज में हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ शाखा अध्यक्ष सीए गौरव सिंघल, सीए अंकित मित्तल, सीए करन पंजवानी और सीए सचिन बुबना ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य वक्ता सीए अखिल पचौरी ने कहाकि एआई के उपयोग से फॉर्म 3सीडी भरने में समय की बचत होगी। एक्सेल और एआई टूल्स की सहायता से बैलेंस शीट और प्रॉफिट एंड लॉस अकाउंट तैयार करने में भी तेजी और सटीकता आएगी।

सीए राकेश अग्रवाल ने बताया कि एआई टूल्स द्वारा डेटा का विश्लेषण पारंपरिक तरीकों की तुलना में अधिक तेज और सही तरीके से किया जा सकता है। भविष्य में टैक्सेशन ऑडिट्स पूरी तरह प्रेडिक्टिव एआई पर आधारित होंगे, जिससे यह पहले से अनुमान लगाया जा सकेगा कि किस सेक्टर या कंपनी में टैक्स रिस्क बढ़ने की संभावना है। एमएसएमई के संदर्भ में बताया कि उनके बकाया होने पर या 45 दिन में पेमेंट नहीं होने पर सीए को अपनी रिपोर्ट क्वालीफाई करनी पड़ेगी। आगे उसका इंपैक्ट मटेरियल है। नव्या मल्होत्रा ने जीएसटी 2.0 के बारे में जानकारी दी। जीएसटी रेट्स के अलावा काफी सारे प्रावधान बदले गए है जिसका सभी प्रोफेशनल को ध्यान रखना होगा। इनपुट टैक्स क्रेडिट का रिफंड कब मिलेगा या उसका क्या प्रावधान है के बारे में उन्होंने विस्कृत जानकारी दी। साथ ही साथ ही जीएसटी एनुअल रिटर्न में आए चेंजेज के बारे में भी जानकारी दी। संचालन दिव्यांशु जैन और मंजरी अग्रवाल ने किया। इस मौके पर सीए अंशु अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, प्रवीन अग्रवाल , मनन अग्रवाल, एससी जैन, अजय जैन, अभिषेक अग्रवाल, नितिन लालवानी , निखिल गुप्ता सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

